

सूर्योदय प्रातः 5:04 | सूर्यास्त संध्या 6:38 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. पूर्णिमा, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 23°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 22 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 129, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter








### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,209.90 | -269.03 (-0.35%) |
| निफ्टी | 23,501.10 | -65.90 (-0.28%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 67,150.00 |
| चांदी | 940.00 |

## एक झलक

### डीयू में धर्मेंद्र प्रधान को काले झंडे दिखाने का दावा भ्रामक : पीआईबी

**नयी दिल्ली** : पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को काले झंडे दिखाने संबंधी दावे को भ्रामक और आधारहीन बताया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को काले झंडे दिखाए। इस खबर के तथ्य जांचने के बाद पीआईबी की तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) ने कहा कि वीडियो में किया जा रहा यह दावा भ्रामक एवं आधारहीन है। आज दिल्ली विश्वविद्यालय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कोई भी कार्यक्रम निर्धारित ही नहीं था।

### हज यात्रा में इस साल 98 भारतीयों की मौत

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि वार्षिक हज यात्रा पर गए 98 भारतीयों की वहां प्राकृतिक कारणों से मौत हुई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले साल हज यात्रा के दौरान 187 भारतीयों की मौत हुई थी। साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 9 मई से 22 जुलाई तक होने वाली सालाना हज यात्रा में इस साल एक लाख 75 हजार भारतीय तीर्थयात्री मक्का गए हैं। इस साल अबतक 98 भारतीयों की मौत की जानकारी है। मौतों का कारण प्राकृतिक, गंभीर बीमारी और उम्र संबंधी हैं। अराफात के दिन छह लोगों की मृत्यु हुई और चार दुर्घटना से संबंधित मौतें हुईं।

### सीबीआई ने ईसीएल के दो अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता** : कोयला तस्करी की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने गुरुवार को ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के अधिकारी और एक सिविल ठेकेदार को केंद्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को केन्द्रीय एजेंसी की टीम गिरफ्तार दोनों लोगों को लेकर निजाम पैलेस से आसनसोल स्थित विशेष सीबीआई अदालत के लिए रवाना हुई है। ईसीएल काजोरा क्षेत्र के जीएम (आइईडी) नरेश चंद्र साहा और पेशे से सिविल कॉन्ट्रैक्टर अश्विनी कुमार यादव को कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। केन्द्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक इनसे देर रात तक पूछताछ हुई और बयानों में विसंगतियों के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों को लेकर खुद सीबीआई के एसपी उमेश कुमार कोर्ट पहुंचे हैं।

#### मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की

# लघु, कुटीर व छोटे ग्रामोद्योगों को दें बढ़ावा : चम्पाई सोरेन

- मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हेतु अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिये

**सीएम ने कहा**

- तसर एवं सिल्क उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम सम्भावनाएं
- बंद पड़ीं औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करेगी राज्य सरकार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़ कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों की आय में वृद्धि लाया जा सकता है।

## धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम सम्भावनाएं

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी सम्भावनाएं दिख रही हैं। राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें प्रशिक्षित भी करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन महिलाओं को खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें राज्य सरकार की नीति के तहत 35% सब्सिडी देकर उपकरण भी उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर में स्थापित खादी पार्क में विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्माण उद्योग हेतु एक बेहतर कार्य ● शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**बंद पड़ीं औद्योगिक इकाइयों का सर्वेक्षण कर उन्हें पुनर्जीवित करने की कार्य योजना बनायें**

**मुख्यमंत्री** चम्पाई सोरेन ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य के छोटे शहरों, कस्बों और प्रखंडों में खुल रहे नये डिग्री कॉलेज : चम्पाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। इन योजनाओं का लाभ यहां की गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को सुलभता के साथ सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में ये बातें कहीं। इस अवसर पर उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 'स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल' का शुभारम्भ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन ● शेष पृष्ठ 11 पर

### 04 राज्यों में विस चुनाव की तैयारी शुरू

**नयी दिल्ली** : देश में आम चुनाव सम्पन्न कराने के बाद अब चुनाव आयोग हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारियों में जुट गया है। आयोग ने चुनावी विवरणों को अपडेट करने के साथ इसकी शुरूआत कर दी है। चुनाव आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अपडेट करने की शुरूआत 01 जुलाई की तिथि को मानते हुए आरम्भ कर दी गयक है। इन तीनों राज्यों में वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 03 नवम्बर, 26 नवमाबर और अगले साल 05 जनवरी को समाप्त होने जा रहा है।

# शान्ति, स्वास्थ्य व विकास के लिए योग जरूरी : नरेन्द्र मोदी

**एजेंसी**

**श्रीनगर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित योग दिवस समारोह में हिस्सा लेते हुए दुनिया भर के लोगों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुझे योग और साधना की भूमि कश्मीर में आने का एक सौभाग्य मिला है। योग से हमें जो शक्ति मिलती है, श्रीनगर में हम उसे महसूस कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग करनेवालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। योग के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र में



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर योग साधना की भूमि है। योग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। दुनिया के नेता अब ● शेष पृष्ठ 11 पर

## समग्र विश्व और मानवता को भारत की सबसे बड़ी सौगात है योग : अमित शाह

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अहमदाबाद के बोडकदेव स्थित गोटिला गार्डन में योगाभ्यास किया। समारोह में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस ● शेष पृष्ठ 11 पर



### अधीर का बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**कोलकाता** : लोकसभा चुनाव में मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट पर पराजय झेलने के बाद दिग्गज कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बंगाल में केवल एक सीट पर विजय हासिल हुई है। अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर लोकसभा सीट से पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल उम्मीदवार युसूफ पठान ने हरा दिया था। कांग्रेस की शर्मनाक हार के बाद से अधीर रंजन चौधरी की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक बुलायी गयी है।

## ईडी ने जमीन कारोबारी के ठिकाने से एक करोड़ नकदी व 100 गोली की बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने से ईडी ने एक करोड़ रुपये नकदी और सौ राउंड गोली बरामद की है। इसके अलावा ईडी ने कमलेश के ठिकाने से कई अधिकारियों के जमीन से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किये हैं।

उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन में रहने वाले जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकाने पर छापेमारी की है। जमीन घोटाले में गिरफ्तार हुए शेखर कुशवाहा से जुड़े मामले को लेकर ईडी के द्वारा यह छापेमारी की गयी है। बीते 12 जून को ईडी ने बड़गाईं जमीन घोटाला में गाड़ीगांव निवासी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। फिलहाल, ईडी शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

# जेपीएससी की परीक्षा 22 जून को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा 22 जून से शुरू हो रही है, जो 24 जून तक चलेगी। यह परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जायेगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर दो बजे से लेकर शाम पांच बजे तक आयोजित की जायेगी। जेपीएससी की मुख्य परीक्षा के लिए रांची में कुल 15 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों को झारखंड लोक सेवा आयोग कुल 342 पदों पर नियुक्त करेगा।

**रांची में बनाये गये 15 परीक्षा केन्द्र**

### जेपीएससी परीक्षा की डेटशीट

- 22 जून को पहली शिफ्ट में पेपर 01, दूसरी शिफ्ट में पेपर 02 की परीक्षा होगी।
- 23 जून को पहली शिफ्ट में पेपर 03 और दूसरी शिफ्ट में पेपर 04 की परीक्षा आयोजित होगी।
- 24 जून को पहली शिफ्ट में पेपर 05 और दूसरी शिफ्ट में पेपर 06 की परीक्षा ली जायेगी।

**एक ही दिन हो रही जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षा**

झारखंड लोक सेवा आयोग 22 जून से जेपीएससी मेंस परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा के साथ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षा का आयोजन भी होगा। कई अभ्यर्थी हैं ● शेष पृष्ठ 11 पर

# हमारे बहादुर सैनिकों की आक्रामक क्षमताओं को सम्भालता है योग : रक्षा मंत्री

- राजनाथ सिंह ने उप्र के मथुरा में कोर एक के सैनिकों के साथ योग किया
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तमिलनाडु के रामेश्वरम द्वीप में योग किया



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 01 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास करके 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, अग्निवीरों, परिवारों और बच्चों सहित 600 लोग शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने इस दिन को राष्ट्र के लिए गर्व बताते हुए कहा कि दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार करके अपना रही है। इस वर्ष के योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' पर राजनाथ सिंह ने कहा कि योग और ध्यान हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं, जो हमेशा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' की भावना रखती है।

यानी हम सभी की खुशी और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं। हम विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। यह हमारी सभ्यता की विशेषता है। हम सभ्यताओं के टकराव के बजाय सहयोग में विश्वास करते हैं। इस सदियों पुरानी प्रथा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि योग शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को मजबूत करता है। यह आक्रामक क्षमताओं को सम्भालने में मदद करता है, जो देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों के लिए महत्त्वपूर्ण है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हर भारतीय सैनिक एक तरह से योगी है।

## सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर अपतटीय द्वीपों पर सेना का योग दिवस

**भारतीय** सेना ने शुक्रवार को सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के तटीय क्षेत्रों और अंडमान निकोबार के अपतटीय द्वीपों पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पश्चिम में लोंगेवाला (राजस्थान) और कच्छ (गुजरात) से लेकर पूर्व में किबिथू (अरुणाचल प्रदेश) और इंफाल (मणिपुर) के पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों ने भी योग किया। इन कार्यक्रमों में विभिन्न स्थानों पर सेवारत कर्मियों, उनके परिवारों, बच्चों, एनसीसी कैडेटों और आम नागरिकों की भी भागीदारी देखी गयी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्राचीन शहर मथुरा में आयोजित इस समारोह में सभी रैंक के अधिकारियों और उनके परिवारों के साथ शामिल हुए।

## एक झलक

### सेन्टर फॉर एडुकेशन में गिफ्ट पैकिंग कार्यशाला का आयोजन



रांची : तोहफा देना और लेना किसे पसंद नहीं और ये अगर लुभावने और आकर्षित रूप से पैक किए हो तो क्या कहना। आज कल तोहफा को देने और उसे नए –नए तरीके से पैक करने का प्रचलन बढ़ गया है, ये सिर्फ एक शौक ही नहीं एक पेशा के रूप में उभर कर आया है इसी बात को ध्यान में रखते हुए सेंटर फॉर एजुकेशन में गिफ्ट रैपिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमे निधि रूंगटा ने छात्रा को गिफ्ट पैकिंग तैयार करना और अलग अलग मौके के लिए अलग तरीके से गिफ्ट पैकिंग करना सिखाया। और बताया कि कैसे आज बड़े शहर में महिलाएं घर से गिफ्ट पैकिंग का काम करके अपने को स्वावलंबी बना रही है। ज्ञातव्य हो की सेंटर फॉर एजुकेशन एक ऐसी गैर सरकारी संस्था है जहा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हमेशा से रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। ताकि महिलाएँ अपने पैरों पर खड़े हो सके।

### पैरामेडिकल में टॉप कर जीशान ने प्रदेश का नाम किया रौशन



रांची : झारखंड राज्य पैरामेडिकल परिषद के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में जीशान आलम ने टॉप रैंक हासिल किया है। इस साल के झारखंड राज्य पैरामेडिकल परिषद के सेशन 2021–2023 में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षा में जीशान आलम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के चलते उनका नाम पूरे राज्य में सम्मानित किया जा रहा है। आपको बता दें कि जीशान आलम ह्लआइडियल एकेडमी ऑफ पारा मेडिकल साइंसह्ल नामक संस्थान के मेधावी छात्र रहे हैं। राँची शहर के स्थानीय निवासी जीशान आलम ने पैरामेडिकल के विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में बेहतरीन अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे संस्थान का नाम रोशन किया है। ह्लजीशान ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है। उन्होंने कहा, यह सब मेरे शिक्षकों और परिवार के समर्थन के बिना संभव नहीं था। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी : अभिषेक शुक्ला



रांची : युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की( एनटीए) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्न पत्र लीक का मामला अभी पूरी तरह सुलझा भी नहीं है ऐसे में 18जून को नटीए द्वारा कराई गई नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा )की परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से ठीक एक दिन पहले हो जाना काफी चिंता का विषय है। सीबीआई ने जो एफआईआर दर्ज कराया है उस एफआईआर मे यह साफ तौर पर प्रश्न पत्र लीक होने की बात कही गई है।

### नेट यूजीसी परीक्षा की सीबीआई जांच की जाये : आजसू



रांची : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मांग किया की UGC NET की परीक्षा की पूरे प्रकरण को उच्च स्तरीय जांच एवम् उइकसे जांच की जाय चुकी यूजीसी नेट की परीक्षा हुई थी और शाम होते होते सभी छात्रों को सूचना मिली की UGC नेट में रद्द किया गया है। अब छात्रों में असमझ की स्थिति उत्पन्न होती दिखाई पड़ रही है सभी को अपनी भविष्य को लेकर अंधकारमय होती नजर आ रही है। नेट यूजीसी एक विश्वसनीय संस्था है इसकी छवि धूमिल होने से पूरे देश में छात्र छात्रों में रोष देखने को मिल रहा है।

### डीएवी हेहल के प्राचार्य ने बच्चों-शिक्षकों के साथ किया योग



रांची : शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में दसवाँ 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' स्वयं और समाज के लिए योग की थीम की भावना को धारण कर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने बच्चों एवं शिक्षकों के साथ सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन,वज्रासन, पश्चिमोत्तासन एवं शवासन आदि का अभ्यास किया। श्री मिश्रा जी ने योग का अर्थ बताते हुए कहा कि यह शरीर पाँच तत्वों से मिलकर बना है।हमें इसे स्वस्थ एवं निरोग रखने के लिए प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए वेदोनुकूल जीवन 'संगच्छध्वं संवदध्वं' के अनुरूप जीना चाहिए।

---

मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान को लेकर मोरहाबादी मैदान में प्रस्तावित राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

# मैराथन और साइकिल रैली का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता अभियान को लेकर मोरहाबादी मैदान में प्रस्तावित राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता रांची, सुदेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडे, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, ए. ड़ी.एम (नक्सल) रांची, जिला खेल पदाधिकारी रांची, शिवेंद्र सिंह एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।



**मोरहाबादी मैदान में प्रस्तावित राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए, इस दौरान होने वाली सारी व्यवस्था सुनिश्चित रूप से तय समयानुसार पूरा करें।उपायुक्त रांची, द्वारा कहा गया कि मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार व्यापक तरीके से कराया जाये।

मोरहाबादी मैदान में प्रस्तावित राज्यस्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में मैराथन, मानव श्रृंखला और साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसके जरिये लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि मादक पदार्थों पर रोक के लिए संकल्पित राज्य सरकार द्वारा दिनांक 19 जून से 26 जून तक वृहत जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। व्यापक पैमाने पर आम जनों को इस मुहिम से जोड़कर ही नशा मुक्त झारखंड का निर्माण संभव है। 26 जून 2024 को रांची स्थित मोराबादी मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है।

## रांची के तीनों डेम से गाद निकालने की मांग को लेकर रांची के विभिन्न वार्डों में प्रत्येक दिन धरना दिया जायेगा : उत्तम यादव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक वार्ड नंबर 28 स्थित चुना भट्ट' चौक पर पानी की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के अध्यक्षता में धरना दिया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज राजधानी के लोगों को जल की समस्या को लेकर परेशान हैं उत्तम यादव ने कहा आज हर घर को नल का जल नहीं मिल पा रहा है, जिन लोगों को मिल रहा है वह भी गंदा पानी एवं सप्लाई नल का खुलने का कोई समय नहीं है, आज राजधानी रांची में एक दर्जन की संख्या में बड़े-बड़े पानी का टंकी बनाकर वर्षों से तैयार है शहर का प्रत्येक गली मोहल्ला में पाइपलाइन बिछ चुका है, लेकिन हर घर तक नल का जल पहुंचेगा कब या तय नहीं है आज हमारी माता बहने पानी के लिए मछली की तरह तड़प रही है सभी राजनीतिक दल जब चुनाव आता है तो घर-घर वोट लेने के माध्यम से पहुंचते हैं लेकिन आज राजधानी रांची में पानी की इतनी समस्या है किसी को कोई मतलब नहीं है राष्ट्रीय युवा शक्ति एक जिमर संगठन होने के नाते इस लड़ाई को लड़ रही है ताकि हर घर तक पानी पहुंच सके, आज पूरी रांची को पाइपलाइन एवं सीवरेज के नाम पर जगह-जगह पर कोड कर छोड़ दिया गया है कल थोड़े से बारिश में पूरी राजधानी जल मैं हो गया, रांची का इतिहास या था कितना भी बारिश आ जाए, तुरंत व पानी बह जाती थी, पानी एक जगह जमा नहीं होती थी लेकिन आज पूरी रांची में बाढ़ देखने को मिल रहा है, श्री उत्तम यादव ने कहा अगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो प्रत्येक गली, मोहल्ला, या शहर के मुख्य रोड पर धान रुपाणी करने सड़कों पर उतरेगी।

## ओरियंस स्कूल में ड्रिंकिंग वाटर व सेनिटेशन प्रोजेक्ट का उद्घाटन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ ने अध्यक्ष रोटेरियन निर्मल तिग्गा और रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3250 के एनवायरमेंट तथा रोटरी इंडिया वाटर मिशन के चेयरमैन रथीन भद्रा के नेतृत्व में आज 21 जून को हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट के तहत ओरियंस स्कूल में ड्रिंकिंग वाटर एवम सेनिटेशन का प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया, इसमें हैंड वाश स्टेशन, हाईमास्ट पे वाटर टैंक तथा टॉयलेट प्रोजेक्ट को रोटरी रांची साउथ ने बनवाया और उसका उद्घाटन भी किया। आज ही के दिन छोटनागपुर सांस्कृतिक संग बेडो के प्रांगण में रोटरी रांची साउथ द्वारा रोटेरियन ऊफ़ साची जी डायरेक्टर रोटरी रांची साउथ के नेतृत्व में इनोवेटिव 200 लीटर का नैनो पोरस टेराकोटा का तेराफिल कैंडल वाला वाटर प्यूरीफायर वहा के बच्चो तथा सामाजिक काम करने और सीखने वाले महिलाओं के पीने का पानी का इंतजाम के लिए लगाया गया। इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन रोटरियां रथीन भद्रा के साथ , निर्मल तिग्गा, शिवेंद्र मोहन, श्रवण गिरी, डॉक्टर अरविंद, डॉक्टर सुफल एक्का, प्रतीक, अशोक सिंहा, नीरज सिन्हा, मौमिता भद्रा, मृत्सि भद्रा, उर्मी, पिंकी तिग्गा, सिन्हा मैडम आदि लोगो के उपस्थिति में सभी से सहयोग से किया गया। बेड़ो ट्रेनिंग सेंटर में ढोल मंदर के साथ यह के ट्रेनी महिलाए एवम बच्चियां आपने हुनर का प्रदर्शन भी की। सभी रोटेरियन ने यह के लोगो द्वारा उत्पादित अलग अलग चटनी, आचार तथा आर्ट वर्क को देखा और कृदारी भी की। अंततः रोटरी रांची साउथ के अध्यक्ष निर्मल तिग्गा जी के आग्रह पर रोटेरियन रथिन भद्रा ने सभी मेंबर्स और छोटनागपुर संस्कृति संग के सदस्यों तथा ओरेयंस स्कूल के संस्थापक को धन्यवाद दिया और उसके सहयोग के लिए उनका आभार वयक्त किया तथा अध्यक्ष को बधाई दी की एक ही दिन में तीन तीन प्रोजेक्ट कंप्लीट करवा कर उद्घाटन किया।

## भगवान के विवाह का शुरू हुआ पारंपरिक अनुष्ठान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जगतनियंता भगवान वेंकटेश का शुभ परिणयोत्सव संस्कार जगत जननी महालक्ष्मी और भूदेवी के साथ रविवार 23 जून को संपन्न होगा। आज दूल्हे राजा सहित दोनों दुल्हनियों को हल्दी का उबटन लगाया गया, सुगंधित चंदन का लेपन किया गया और शहद की मालिश की गई। इसके बाद दूध , दही, नारियल पानी और गंगाजल से भगवान का अभिषेक शंख-चक्र एवं सहस्त्रधारा के माध्यम से किया गया। भगवान वेंकटेश और जगत जननी की नक्षत्र आरती, कुंभ आरती और कर्पूर आरती उतारी गई। भगवान को खीर, पोंगल और फल का भोग लगाया गया। सृष्टि के रचयिता की अष्टोत्तर पुष्प अर्चना की गई और जगत जननी महालक्ष्मी की अष्टोत्तर कुमकुम अर्चना की गई। सारा मंदिर परिसर श्रीमन्नारायण, नारायण के भजन से गूंजता रहा और भक्त भगवान के दिव्य दर्शन करके निहाल हो रहे थे। अभिषेक का मुख्य यजमान.-श्री रामअवतार नारसरिया धर्मपत्नी शारदा नारसरिया रांची वृंदावन से पधारे श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने कहा कि आज जब प्राणी मात्र सांसारिक पाप, ताप और संताप से पीड़ित हैं, ऐसे समय में भगवान वेंकटेश के महोत्सव में शामिल होने से सभी देवता तो प्रसन्न होते ही हैं, साथ में सारे वक्री ग्रह राहु - केतु , शनि आदि भी सहज हो प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों के जीवन में सुख शांति और समृद्धि अवश्य ही आती है। श्रीस्वामी जी ने कहा कि महालक्ष्मी ने जो भी धन - संपत्ति भक्तों को दी है , वह भगवान वेंकटेश की सेवा में लगाना चाहिए। भगवान की सेवा में लगाने से धन और संपत्ति कई गुना बढ़ाकर वापस उन्हीं के पास आ जाती है। दक्षिण भारत के कांचीपुरम से पधारे प्रधान आचार्य श्रीवत्स भट्टर कन्नन भट्टर रंगराज भट्टरऔर सभी पुरोहित परिचारकों ने दक्षिणात्य पद्धति से महा कलशस्थापनम् कराया। फिर प्रथम श्रीधाम वृंदावन से पधारे जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और गोविंद दास जी महाराज का रक्षा बंधन किया गया। तत्पश्चात वर पक्ष के मुख्य यजमान श्री राम अवतार नारसरिया धर्मपत्नी श्रीमती शारदा नारसरिया वधू पक्ष - श्रीदेवी के तरफ से यजमान श्री रमेश धरनीधरका धर्मपत्नी शशि धरनीधरका और भूमि देवी पक्ष के यजमान श्री गौरव गुप्ता पत्नी रचयिता गुप्ता को रक्षा सूत्र धारण कराया गया ।इसके बाद उपस्थित सभी सह यजमानों का रक्षा बंधन हुआ।



# डालसा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय विश्व योगा दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, श्री दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में जज कालोनी स्थित, मल्टिपर्पस हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त, रांची, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय, रांची के सभी अपर न्यायायुक्त एवं न्यायिक दण्डाधिकारी तथा व्यवहार न्यायालय, रांची के कर्मचारी योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिये। ज्ञात हो कि आज का यह योग कार्यक्रम स्वयं एवं समाज के लिए योग विषय पर आधारित था। योग प्रशिक्षक के रूप में सत्यानंद योग मिशन के प्रशिक्षक उपस्थित थे। उन्होंने ने सभी को योगाभ्यास कराया एवं कहा कि योग करना फायदेमंद हैं, योग से कई रोगों को भगाया जा सकता हैं, इम्यूनिटी को बढ़ाया भी जा सकता है। नित्य योग करने से शरीर में एक नई उर्जा प्रवाहित होती हैं और हम सभी स्वस्थ रहते हैं। यह भी ज्ञात हो कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक के द्वारा रेलवे कोर्ट, रांची में न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रांची** : कोशिश स्पेशल स्कूल के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर अरगोड़ा मैदान अरगोड़ा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी बौद्धिक दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों ने मिलकर विभिन्न योग आसान किये और अपने आप को बेहतर स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए प्रति दिन योग करने का संकल्प लिए और समाज के लोगो को भी योग साधना के प्रति जागरूक किये। इस कार्यक्रम में हटिया विधायक नवीन जायसवाल आये और बच्चों के साथ योग किये और लोगो को योग करने के लिए प्रेरित किये साथ ही रांची पतंजलि योग संघ के लोगो ने सभी लोगो को योगा के प्रति जागरूक किये। इस कार्यक्रम में कोशिश के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों और स्कूल के सभी टीचर्स और अभिभावक, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, वीणा बरनवाल, दीपा चौधरी, नीता रॉय, सुषमा शरण, समिता बोस आदि और भी लोग उपस्थित थे।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**रांची** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज एनएसएस यूनिट I-II एवं योग विभाग, सरला बिरला विश्वविद्यालय द्वारा विवि परिसर में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विवि के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, अधिकारीगण और छात्र बड़ी संख्या में सामूहिक योग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया , जिससे हम सभी लाभान्वित और गौरवान्वित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय 11 दिसंबर 2014 को लिया गया था और इसकी शुरूआत 21 जून 2015 से दुनिया भर में की गई। उन्होंने सभी को थोड़ा समय निकालकर नियमित योगाभ्यास करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को इस बार योग का विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' के बारे में बोलते हुए योग से स्वयं की पहचान कर समाज बनाए जाने पर जोर दिया। योग में पंचकोश के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दिन सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन में प्रवेश करता है, अतएव यह आध्यात्मिकता का सबसे उत्तम दिन माना जाता है। कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को योग का अभ्यास विवि के वरिष्ठ योग शिक्षक अमरेंद्र दत्त द्विवेदी द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीव कुमार सिन्हा और मंच संचालन डॉ. अर्चना मौर्य ने किया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और माननीय डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### उषा मार्टिन युनिवर्सिटी में डालसा ने मनाया विश्व योग दिवस व नशा उन्मूलन पर हुई चर्चा



**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, श्री दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में उषा मार्टिन युनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नशा पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव, रांची ने एक टीम गठित कर जिसमें एलएडीसीएस अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, सौरभ पांडेय, लाईव सेवर्स एनजीओ के प्रमुख, अतुल गेरा, सीआईडी पुलिस की ओर से डीएसपी सीआईडी, राजकुमार यादव एवं इंस्पेक्टर सतीश, विधि के छात्र-छात्राएं एवं पीएलवी युधिष्ठिर महतो, शिला देवी, तारा मिंज समेत अन्य लोग उपस्थि थे।

### आरटीसी प्रौद्योगिकी संस्थान में विश्व योग दिवस का आयोजन



**ओरमांझी** : शुक्रवार को आर०टी० सी० प्रौद्योगिकी संस्थान आनंदी ओरमांझी में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य डॉ.एन.हरिबाबू ने कुछ उदाहरणों के द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से अनेक शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों को दूर किया जा सकता है। इसलिए सभी को प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए।तत्पश्चात योग शिक्षिका सुश्री प्रज्ञा भारती ने भारतीय योग के इतिहास की चर्चा की।उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना कुछ समय योग के अभ्यास में लगाना चाहिए । इसके बाद सुश्री प्रज्ञा भारती ने सभी को कुछ योगासनों का अभ्यास कराया एवं इन्हें प्रत्येक दिन दोहराने की सलाह दी।इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकायें एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के सदस्य डॉ रूपम शर्मा,शुभम खन्ना, सरिता कुमारी एवं महेन्द्र महतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मध्य विद्यालय ओरमांझी में विश्व योग दिवस मनाया गया

**भारतीय संस्कृति व भारतीय योग अपने आप में अद्भुत, अनोखा और अतुलनीय है : दीपक बड़ाइक**



**ओरमांझी** : 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यकृत मध्य विद्यालय ओरमांझी में विश्व योग दिवस मनाया गया। जहाँ कक्षा दो से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं सहित मुखिया दीपक बड़ाइक,उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता,कुलदीप तिवारी के साथ स्कूल के खेल-शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। योग-शिक्षक सोनाराम महतो ने मंच संचालन करते हुए छात्रों के लिए महत्त्वपूर्ण पाँच आसन जैसे - प्राणायाम, सुखासन, दंडासन, एक पादासन और भुजंगासन का विधिवत शारीरिक योगाभ्यास करवाया। उन्होंने विभिन्न योग के आसन, मुद्रा, क्रियाविधि एवं उनके विविध पहलुओं,बारीकियों और उपयोगिता से छात्रों को अवगत कराया। प्रखण्ड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया दीपक बड़ाइक ने स्वयं कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान,भारतीय संस्कृति और भारतीय योग अपने आप मे अद्भुत,अनोखा और अतुलनीय है। सुडौल शरीर और स्वस्थ मन योग से ही निर्मित हो होता है। एक योग हमारे जीवन की कई समस्याओं का समाधान भी हो सकता है।अतः योग की क्रिया हर उम्र के व्यक्ति को करनी चाहिए। यह योग छात्र जीवन में आने वाले तनाव को दूर करने में बहुत लाभदायक है। इसकी मदद से याददाश्त और एकाग्रता बढ़ती है।मौके पर उपस्थित आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक सोनाराम महतो, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, पूर्व मुखिया मीना देवी, मुन्नी देवी, ममता देवी, कुमिता देवी,नूतन देवी, कुलदीप तिवारी व अन्य योगाभ्यास किया।

### योग शरीर और मन को एक साथ लाता है : संजय सेठ



**रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रामेश्वरम द्वीप (तमिलनाडु ) के धनुषकोडी में इंडियन कोस्ट गार्ड द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सम्मिलित हुए रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने कहा आंतरिक शांति, और आध्यात्मिक विकास, के लिए योग जरूरी है योग जो मन शरीर और आत्मा का पोषण करता है। योग करने से आंतरिक शांति, आत्म जागरूकता, और आध्यात्मिक विकास की भावना पैदा करता है। योग शरीर और मन को एक साथ लाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को जरूर अपने जीवन में उतारना चाहिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

### राज्य की सभी 27 जेलों में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों ने बंदियों को कराया योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास



**रांची** : कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं दि आर्ट ऑफ लिविंग व्यक्ति विकास केन्द्र,भारत के रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखण्ड की कुल 27 जेलों में दि आर्ट ऑफ लिविंग के योगा प्रशिक्षकों ने हजारों बंदियों को अंतर्राष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास कराया। सभी जगह बंदियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया व योग से निरोग रहने का सन्देश दिया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों की पूरी टीम का नेतृत्व आर्ट ऑफ लिविंग के राज्य समन्वयक पंचानन सिंह ने किया। आर्ट ऑफ लिविंग की इस मानवीय पहल को काफी सराहना प्राप्त हो रही है, क्योंकि जेलों में बंद कैदी अक्सर घर परिवार से अलग होने के कारण काफी तनाव में रहते हैं। सुदर्शन क्रिया एवं योग अभ्यास से उन्हें मानसिक तनावों से मुक्ति पाने व मन को शांत रखने में भी काफी राहत भरा मानवीय सहयोग मिल रहा है। बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल, होटवार रांची में प्रातः 6 बजे से दि आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक श्री पी एन सिंह, संदीप कुमार व श्रीमती संध्या सिन्हा व नूतन सिंह ने पुरुष वार्ड के 1250 बंदियों को एवं 130 महिला बंदियों को योगा प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास कराया जिसमें जेलर ने अपने स्टॉफ सहित भाग लिया। इस प्रकार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा रांची में कुल 1380 लोगों ने योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। अन्य जेलों में सरायकेला में 155, घाटशिला में 55, रामगढ में 85, पाकुर में 160, राजमहल में 200, लातेहार में 250, दुमका में 332, घाघिदिह में 560, गिरिडीह में 125, मधुपुर में 250, देवघर में 200, गोड्डा में 55, गुमला में 263 बंदियों ने योगाभ्यास में भाग लिया।

### प्रख्यात योग प्रशिक्षिका चांद नागपाल ने कराया योगाभ्यास



**रांची** : बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग अभ्यास किया.इसी के साथ बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा 18 जून से चल रहे चार दिवसीय योगा कैंप का आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन समापन हो गया.कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन में आयोजित इस योगा कैंप में समाज एवं शहर की प्रख्यात योग प्रशिक्षिका चांद नागपाल ने उपस्थित लोगों को प्राणायाम, कपालभांति, भ्रामरी प्रणाम, अनुलोम- विलोम, बालासन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, धनुरासन, नटराजासन तथा वीरभद्रासन जैसी योग क्रियाओं तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। यह कैंप सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चला। योगा कैंप में ललित किंगर, कवलजीत मिढ़ा, मोहन खीरबाट,सुरजीत मुंजाल, जितेंद्र मुंजाल, वासुदेव मनुजा, अशोक काठपाल, ज्योति मिढ़ा, पिंकी तलेजा, ज्योति मुंजाल,रेखा मुंजाल,इंदु पपनेजा, किरण गेरा, पुष्पा पपनेजा, किरण अरोड़ा, नीलू मनुजा, सोनिया गिरधर, सविता मुंजाल, सोनिया मुंजाल, अनु दीवान, बिंदर काठपाल, पुष्पा खीरबाट एवं रश्मि अरोड़ा समेत अन्य शामिल हुए।

### गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रांची** : 21 जून 2024 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके राँची एवं भारत सरकार खेल एवं युवाकार्य मंत्रालय नेहरु युवा केंद्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के शारीरिक एवं योग प्रशिक्षक प्रो समीर चौधरी के मार्गदर्शन में योगासन का अभ्यास हुआ। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि योग मानव के जीवन में संतुलन बनाये रखता है। इस अवसर पर अवनीश तिवारी, निरंजन, चंदन, पवन भारती सहित सभी प्रशिक्षु शिक्षक, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने मंगलाचरण से प्रारंभ करते हुये योगाभ्यास किया।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल के शिशु विहार में 'योग महोत्सव' का हुआ आयोजन



**रांची** : शुक्रवार को डी ए वी गांधीनगर स्कूल शिशु विहार एवं रिलेशंस कि ओर आज 10 वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर के शिशु विहार में योग महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी ए वी गांधीनगर के शिशु विहार की इंचार्ज डॉ जया जायसवाल एव रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सैकड़ों स्कूली बच्चों ने योगाभ्यास कर योग को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर सभी अतिथियों ने कहा कि फिटनेस और परफेक्षन को बरकरार रखने के लिए योग की बहुत आवश्यकता होती है।

## सम्पादकीय.....

# चीन के खिलाफ आक्रामक विदेश नीति जरूरी

'शठे शाठ्यं समाचरेत' अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना चाहिए। यह नीति भारत को अपने पड़ोसी व साम्राज्यवादी देश चीन के बारे में अपनानी चाहिए। चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन 'हिंदी चीनी भाई भाई' का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है। भारत की सीमा पर घुसपैठ अथवा जमीन पर कब्जा करना चीन की फितरत में रहा है। भारत की लगातार चेतावनी के बावजूद वह एलएसी का न केवल उल्लंघन करता रहा है बल्कि अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है। इसके लिए उसने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का पालन किया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हमला किया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार हमले बढ़े हैं। इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन हमलों में पाकिस्तान और चीन की संयुक्त साजिश नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 से 8 जून के बीच कई दौर की लंबी-लंबी बैठकें की थीं। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कश्मीर पर चर्चा की। दोनों की मुलाकात के बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले भी बढ़े हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसमें पाकिस्तान और चीन की साजिश दिख रही है। भारत ने लगभग 60 हजार राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को इस्टर्न लद्दाख में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया है। एलएसी पर भारतीय सेना की भारी संख्या में तैनाती से चीन बौखलाया जरूर है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सेना का ध्यान भटकाने के लिए जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी वारदात बढ़ाई जा रही है। हालांकि भारत के कड़े रुख के चलते चीन अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया, लेकिन इसी वर्ष जिस तरीके से उसने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए इस राज्य में एलएसी के पास 30 स्थानों के नाम बदल दिए, वह अत्यंत चिंताजनक है। भारत ने भी उस पर जवाबी कार्यवाही करते हुए तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की तैयारी कर ली है। भारत इन नामों कभी भी सूची जारी कर सकता है। भारत का मानना है कि ऐसा करने से चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। सवाल यह है कि क्या ऐसा करने से चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जताना बंद कर देगा? क्या जो वह भारतीय सीमा पर लगातार घुसपैठ करता है, उसे बंद कर देगा? शायद चीन को इससे बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। अगर चीन को सही मायने में जवाब देना है तो तिब्बत के महज नाम बदलने से बात नहीं बनेगी। उसको अधिक आक्रामक तरीके से जवाब देना पड़ेगा। चीन इससे पहले भी ऐसे ही नाम बदलने का काम वर्ष 2017, 2021 और 2023 में कर चुका है । भारत ने पहले भी इसका विरोध किया और यह कहता रहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इसके लिए भारत को और अधिक सख्त कदम उठाना चाहिए। अब केंद्र में एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार है और अरुणाचल प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बन चुकी है। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी विदेश नीति को अधिक आक्रामक बनाने की आवश्यकता है। वास्तविकता यह है कि तिब्बत को चीन अपने देश का हिस्सा मानता है। चीन अपने मैप में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहता है। यह बात सही है कि अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण करने के मामले में अपना रुख बदलने को तैयार है। लेकिन अब भारत सरकार को आगे बढ़ते हुए चीन को ठीक तरह से जवाब देना चाहिए। जिस तरह से चीन अरुणाचल को अपने देश का हिस्सा मानता है, भारत को तिब्बत को एक आटोनॉमस देश का दर्जा देना चाहिए।

## ● किसने क्या कहा



शान्ति, स्वास्थ्य व विकास के लिए योग जरूरी

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

हमारे बहादुर सैनिकों की आक्रामक क्षमताओं को सम्भालता है योग

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**



# जाति के नाम पर दूसरों से कैसी श्रेष्ठता?

**विशेष** — डॉ. सत्यवान सौरभ

हाथरस में एक दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार को जाति आधारित हिंसा के रूप में प्रचारित किया गया। प्रत्येक जाति की स्थिति को न केवल जाति कानूनों द्वारा बल्कि सम्मेलनों द्वारा भी सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाता है। इन्हें समुदाय द्वारा जाति पंचायत नामक एक शासी निकाय या बोर्ड के माध्यम से खुले तौर पर लागू किया जाता है। उच्च जातियों ने अनुष्ठान, आध्यात्मिक और नस्लीय शुद्धता का दावा किया, जिसे उन्होंने प्रदूषण की धारणा के माध्यम से निचली जातियों को दूर रखकर बनाए रखा। प्रदूषण का अर्थ है कि निम्न जाति के व्यक्ति का स्पर्श उच्च जाति के व्यक्ति को प्रदूषित या अपवित्र कर देगा। भोजन और पेय पर प्रतिबंध: आमतौर पर एक जाति प्रदूषित होने की धारणा के कारण सामाजिक स्तर पर खुद से नीचे की किसी अन्य जाति से पका हुआ भोजन स्वीकार नहीं करती है।

सामाजिक स्तरीकरण मुख्यतः जाति पर आधारित है। किसी जाति समूह की सदस्यता जन्म से प्राप्त होती है, जिसके आधार पर लोगों को अन्य जाति समूहों के सापेक्ष स्थान दिया जाता है। यह दशार्ता है कि विभिन्न जातियों को उनके व्यवसायों की शुद्धता और अशुद्धता के अनुसार वगीकृत किया गया है। उदाहरण के लिए, निम्न जाति समूहों के पास कुओं तक पहुँच नहीं थी, उन्हें मंदिरों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था आदि। किसी विशेष जाति के सदस्यों को अपनी जाति में ही विवाह करना होता है। अंतरजातीय विवाह निषिद्ध हैं। यह सामाजिक रीति-रिवाजों द्वारा किसी समूह को मुख्यधारा से अलग करके बहिष्कृत करने की प्रथा है। जाति व्यवस्था और धर्म ने संकीर्णता की भावना को जन्म दिया और लोगों को अपनी जाति/धर्म के प्रति अनावश्यक रूप से सचेत कर दिया। समकालीन समाज में जातिगत भेदभाव अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है क्योंकि भारतीय समाज वैदिक काल से ही इस सामाजिक बुराई का दंश झेल रहा है और संवैधानिक तथा कानूनी उपायों के बावजूद भी यह जारी है। किसी व्यक्ति की जाति उसके जन्म लेने वाले परिवार की जाति से निर्धारित होती है। यह आमतौर पर वंशानुगत होती है। किसी व्यक्ति की जाति अपरिवर्तनीय होती है, चाहे उसकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। किसी व्यक्ति को जन्म से ही किसी जाति की सदस्यता विरासत में मिलती है। यह बात सच है कि प्राचीन असमानताएँ और पूर्वाग्रह धीरे-धीरे बदलते हैं। सदियों से निचली जातियों का शोषण करने वाली उच्च जातियाँ आज भी उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से भेदभाव करती हैं। अपनी जाति को दूसरी जातियों से श्रेष्ठ समझने की भावना इसका मुख्य कारण है। लोगों की जाति की प्रतिष्ठा बढ़ाने की तीव्र इच्छा होती है। किसी विशेष जाति या उपजाति के सदस्यों में अपनी जाति के प्रति वफादारी विकसित करने की प्रवृत्ति होती है। जातिगत सजातीय विवाह का अर्थ है एक ही जाति में विवाह करना। इसलिए जातिगत सजातीय विवाह जातिवाद की भावना के उद्भव के लिए जिम्मेदार है। अशिक्षा के कारण लोग धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों और अंधविश्वासों में विश्वास करते हैं। 'जाति धर्म' के अभ्यास के कारण वे अपनी जाति में रुचि लेते हैं। इससे जाति भावना और जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में ऊंची जाति के लोग निचली जातियों से सामाजिक दूरी बनाए रखते हैं। ग्रामीण गांवों में दलितों को हिंदू मंदिरों में जाने की मनाही है और ऊंची जाति के मोहल्लों में जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं है। वे इसे विभिन्न प्रतिबंधों जैसे कि अंतरजातीय विवाह, अंतर-भोज आदि के माध्यम से बनाए रखते हैं। किसी व्यक्ति की विचारधारा उसके जातिगत मानदंडों और मूल्यों से जुड़ी होती है। इसने जातिवाद को जन्म दिया है। उच्च शिक्षा और सरकार में जातिगत आरक्षण ने एक ऐसी व्यवस्था को कायम रखने का काम किया है जो अन्यथा खत्म हो गई होती।

कई बार जाति/साम्प्रदायिक हितों को राष्ट्रीय हितों से अधिक प्राथमिकता दी गई। इस प्रकार पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता की अवधारणा के विरुद्ध खड़ी हो गई। लोकतंत्र मानव समानता की अपेक्षा करता है, लेकिन जाति व्यवस्था असमानता में विश्वास करती थी और इसमें पदानुक्रमिक व्यवस्था थी। आज जाति राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए एक विषय के रूप में प्रकट हुई है, जैसे शैक्षणिक कॉलेजों, सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण। सती प्रथा, बाल विवाह आदि जाति व्यवस्था का परिणाम थे। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता था। यह पितृसत्तात्मक व्यवहार आज भी प्रचलित है। दलितों पर अत्याचार, निचली जाति की महिलाओं पर यौन उत्पीड़न आदि ऐसे भेदभाव और शोषण का परिणाम हैं जो बदले में भारतीय समाज में गहराई से जड़ जमाए हुए जाति और सांप्रदायिक पहचान का परिणाम हैं। हाथ से मैला ढोना अंततः एक जाति-आधारित व्यवसाय बन गया, जिसमें बाल्टी वाले शौचालयों या गड्ढे वाले शौचालयों से अनुपचारित मानव मल को हटाना शामिल है। इसे मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 द्वारा आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुँच, शिक्षा तक पहुँच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। जाति आधारित हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति अंतरजातीय विवाह के उदाहरणों और दलितों द्वारा भूमि अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय तक पहुँच, शिक्षा तक पहुँच आदि सहित बुनियादी अधिकारों के दावे से संबंधित है। दलितों के एक समूह पर गुजरात के ऊना में हमला किया गया था जब उन्होंने दलितों के लिए भूमि स्वामित्व की मांग के लिए आंदोलन में भाग लिया था।

# अदालती फैसलों का एक खास दिन

**गौरतलब** — राकेश अचल

दोबारा से आईएनडीआईए का हिस्सा बन सकते हैं। इसी में उनका फायदा है अन्यथा एकला चलो का उनका निर्णय आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी को भारी पड़ सकता है। अब बात करते हैं पटना उच्च न्यायालय के फैसले की। पटना उच्च न्यायालय के फैसले ने बिहार की गठबंधन सरकार के टांके ढीले कर दिए है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश के दलितों,पिछड़ों और महादलितों को जो आरक्षण दिया था उसे असंवैधानिक करार देते हुए माननीय अदालत ने सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है।

सप्ताह के सात दिनों में कभी-कभी कोई दिन किसी खास बात के लिए भी यादगार बन जाता है। गुरुवार का दिन भी कुछ ऐसा ही रहा। गुरुवार का दिन अदालत के ऐसे फैसलों के लिए याद किया जाएगा जिसने राजनीति के दिग्गजों को एक और यदि राहत दी तो दूसरी और नींद भी उड़ा दी। राउज एवेन्यू अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीबाल को शराब घोटाले के मामले में नियमित जमानत दी तो बिहार उच्च न्यायालय ने सरकार द्वारा बढ़ाये गए आरक्षण के निर्णय को खारिज कर दिया। केजरीवाल को मिली जमानत पर दिल्ली में पटाखे फोड़े गये। सचमुच आम आदमी पार्टी के लिए ये बड़ा फैसला है। अब अरविंद केजरीवाल मुकदमें के चलते हुए लोकसभा चुनाव में चारों खाने चित हुई अपनी पार्टी की साख को बढ़ाने का अभियान शुरू कर सकते हैं। केजरीवाल को नियमित जमानत का मिलना महज संयोग नहीं है ,लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक झटका जरूर है। भाजपा किसी भी सूरत में केजरीवाल को जेल से बाहर नहीं आने देना चाहती थी,किन्तु ईडी की एक न चली और केजरीवाल जमानत हासिल करने में कामयाब हो गए। जमानत हर आरोपी का अधिकार है। इसमें जानबूझकर बाधाएं खड़ी करना भी एक तरह का अपराध है। देश में असंख्य ऐसे लोग हैं जो समर्थ न होने की वजह से बिना जमानत के जेलों में सजा से भी ज्यादा समय काट चुके हैं।

बात केजरीवाल की है। उन्हें मिली जेल न्याय प्रक्रिया की जीत है। अदालत के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने वाला कदम है। चूंकि ये जमानत एक अधीनस्थ न्यायालय का फैसला है इसलिए इसे नजीर बनाकर दूसरे आरोपी इसका लाभ नहीं ले सकते ,लेकिन उनके लिए भी संभावनाओं की एक खिड़की जरूर खुली है। मनीष जी,हेमंत सोरेन और स्नजय गुप्ता जैसे तमाम लोग जमानत के लिए लम्बे समय से एड़ियां रगड़ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद जल्दबाजी में हालाँकि कांग्रेस का हाथ और साथ छोड़ दिया है लेकिन उम्मीद है कि संसद में कांग्रेस केजरीवाल की बेवफाई के बाद भी उनका साथ देगी और जब सरकार पर हमले का वक्त आएगा तो आम आदमी पार्टी का समर्थन करेगी। केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद यदि चाहें तो अपनी गलती सुधर सकते है।

## आज का इतिहास

- सम्राट हुमायूं ने अपने बेटे अकबर को 1555 में अपने वारिस के रूप में घोषित किया।
- सिसाक की लड़ाई में ईसाइयों की सामुहिक सेना ने 1593 में उस्मानी तुर्कों (ऑटोमन) को हरा दिया।
- येल विश्वविद्यालय में डेल्टा कप्पा एप्सिलन सोसायटी की स्थापना 1844 में हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1870 में संयुक्त राज्य अमेरिकी न्याय विभाग की स्थापना की।
- पुणे में चाफेकर बंधुओं ने 1897 में तत्कालीन जिलाधिकारी वाल्टर चार्ल्स रैण्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।
- स्वीडन ने 1906 में राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 1939 में कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।
- जॉर्ज पंचम का 1911 में राजतिलक हुआ।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी ने 1941 में सोवियत रूस पर आक्रमण किया।
- लिथुआनिया में 1941 को जून विद्रोह शुरू हुआ।
- अमेरिका ने 1944 में सेवानिवृत सैनिकों की मदद के लिए कानून बनाया।
- इंग्लैंड और भारत के बीच 1946 में लंदन के लॉर्डस क्रिकेट मैदान में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच शुरू हुआ।
- ब्रिटिश सम्राट ने 1948 में इम्प्रेरर ऑफ इंडिया शीर्षक को त्यागा।
- भारत के सम्राट का खिताब 1948 में उनकी महामहिम, यूनाइटेड किंगडम के राजा का खिताब से हटा दिया गया है।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1957 में पहली बार आर-12 मिसाइल का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी संगीतज्ञ जॉन लेनन के हत्यारे ने 1981 में अपना अपराध कबूल किया।
- लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से वर्जिन अटलांटिक एयरवेज ने 1984 को पहली उड़ान भरी।
- ईरान में 2002 को आये भीषण भूकम्प में 500 से अधिक लोगों की मौत।

## अंकजाल - 7586

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 33 | 9 | 26 | | 29 | 20 | 16 | 14 | |
| 14 | | 2 | | | | 9 | | 4 | 26 |
| 18 | 9 | | 7 | | 8 | | 5 | | 23 |
| 17 | | 2 | | | | 4 | | 7 | 20 |
| 26 | 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | | 8 | | 6 | | 3 | 29 |
| 17 | 6 | | 5 | | | | 6 | | 14 |
| 27 | | 7 | | 8 | | 5 | | 6 | 19 |
| 25 | 4 | | 8 | | | | 5 | | 14 |
| | 14 | 17 | 21 | 27 | | 19 | 26 | 18 | |

### अंकजाल 7585 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 25 | 25 | 24 | | 38 | 12 | 20 | 12 | |
| 23 | 7 | 8 | 8 | | 5 | 8 | 6 | 4 | 23 |
| 19 | 6 | 8 | 5 | | 9 | 2 | 7 | 5 | 23 |
| 20 | 8 | 7 | 5 | | 8 | 2 | 7 | 3 | 20 |
| 28 | 4 | 2 | 6 | 7 | 9 | | | | |
| | | | | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 31 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 6 | 4 | 2 | 12 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | | 3 | 5 | 6 | 14 |
| 19 | 7 | 3 | 2 | 7 | | 1 | 3 | 5 | 9 |
| | 15 | 14 | 11 | 30 | | 18 | 21 | 15 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## सुविचार

करुणा में शीतल अग्नि होती है, जो क्रूर से क्रूर व्यक्ति का हृदय भी आर्द्र कर देती है।

**सुदर्शन**

जैसे जल द्वारा अग्नि को शांत किया जाता है, वैसे ही ज्ञान के द्वारा मन को शांत रखना चाहिए।

**वेदव्यास**

## राशिफल

**मेष** — सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं।

**तुला** — स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**वृष** — मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन** — व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**धनु** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कर्क** — आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मकर** — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**कुंभ** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्या** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी।

**मीन** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

# ग्रीष्म लहरों से मौत को रोकने के लिए कार्ययोजना

**संजय गोस्वामी**

भारत लगातार जारी ग्रीष्म लहरों के चपेट में है। मई- जून 2024 में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में तापमान पिछले 124 वर्षों में सर्वाधिक उच्च स्तर लगभग 50 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। ग्रीष्म लहर भारत के लिये कोई नई परिघटना नहीं है, लेकिन इस वर्ष उल्लेखनीय यह है कि उसका समयपूर्व आगमन हुआ है और देश के उत्तर-पश्चिमी सेदक्षिण-पूर्वी हिस्सों तक उसका व्यापक स्थानिक प्रसार रहा है। यह उपयुक्त समय है कि देश को ग्रीष्म लहरों और संबद्ध चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिये ठोस योजनाओं का निर्माण करना चाहिये। ग्रीष्म लहरों के जानलेवा प्रभावों को कम करने के लिये पूर्व-चेतावनी प्रणाली, हीट-प्रूफ शेल्टर और व्यापक रूप से वृक्षारोपण महत्त्वपूर्ण है। ग्रीष्म लहर असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है जो भारत के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-मध्य भागों में ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न होती है। यह वायु के तापमान की वह स्थिति है जिसके संपर्क में आना मानव शरीर के लिये घातक हो जाता है।भारत मौसम विज्ञान विभाग उस स्थिति को ग्रीष्म लहर के रूप में वगीर्कृत करता है जब मैदानी इलाकों में तापमान कम से कम 40 (और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30) तक पहुँच जाए और यह सामान्य तापमान से कम से कम 5-6 की वृद्धि को इंगित करता हो। भीषण गर्मी का आसन्न कारण वर्षा-युक्त पश्चिमी विक्षोभ या उष्णकटिबंधीय तूफान की अनुपस्थिति है जो उत्तर भारत में भूमध्यसागर से वर्षा लाते हैं। भारत में पहले से ही गर्म शहरों में ग्लोबल वार्मिंग और जनसंख्या वृद्धि का संयोजन बढ़ते हुए 'हीट एक्सपोजर'का प्राथमिक चालक है। 'अर्बन हीट आइलैंड' शहरों के भीतर भी तापमान की वृद्धि करता है, जिसकी त्वरा ग्रीष्म लहरों के दौरान और बढ़ जाती है। यह स्थिति तब बनती है जब जब शहर प्राकृतिक भूमि आवरण को फुटपाथ, इमारतों और अन्य ठोस सतहों के घने सांद्रता से प्रतिस्थापित कर देते हैं जो गर्मी को अवशोषित करते हैं और देर तक बनाए रखते हैं। मई-जून के माह में भारत में ग्रीष्म लहरों की उपस्थिति एक सामान्य घटना है, लेकिन देश के कई हिस्सों में धीरे-धीरे बढ़ते अधिकतम तापमान के कारण वर्ष 2024 में ग्रीष्म लहरों की समय-पूर्व उत्पत्ति की स्थिति बनी। भारत मौसम विज्ञान विभागके अनुसार भारत में ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या वर्ष 1981-1990 के 413 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 600 हो गई है। ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या में यह तेज वृद्धि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के कारण घटित हुई है। ग्रीष्म लहरों के कारण जान गँवाने वाले लोगों की संख्या भी वर्ष 1981-1990 में 5,457 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 11,555 हो गई है। वर्ष 1967 से अब तक पूरे भारत में ग्रीष्म लहरों के कारण 39,815 लोगों की मौत हो चुकी है। भू-जलवायु और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश (6,745) में हुई हैं; इसके बाद आंध्र प्रदेश (5,088), बिहार (3,364), महाराष्ट्र (2,974), पंजाब (2,720), मध्य प्रदेश (2,607), पश्चिम बंगाल (2,570), ओडिशा (2,406), गुजरात (2,049), राजस्थान (1,951), तमिलनाडु (1,443), हरियाणा (1,116), तेलंगाना (1,067), दिल्ली (996), झारखंड ( 855), कर्नाटक (560), असम (348) आदि राज्यों का स्थान है, जबकि शेष 12 राज्यों में 954 लोग मौत के शिकार हुए।

# योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान

**गौरतलब** — हृदयनारायण दीक्षित

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, 'हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं।' सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है।

मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, 'शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।' मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, 'जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, 'आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, 'आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, 'आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सीएच हाई स्कूल के मैदान में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित

# योग शरीर को रोगमुक्त व मन को करता है शांत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** राजगढ़िया रोड के सीएच हाई स्कूल के परिसर में योग शिक्षक नेहा कुटरियार और सुनील कुटरियार के द्वारा 45 झारखंड एन सी सी कोडरमा के चार स्कूल के बच्चों को यूथ इंटरनेशनल योगा डे में योग कराया गया,जिसमें यह चार स्कूल शामिल थे,सी एच हाई स्कूल, डी ए वी पब्लिक स्कूल,गांधी स्कूल,मॉडर्न पब्लिक स्कूल इन सभी स्कूल के एनसीसी के बच्चे शामिल थे, कैंप में सी एच हाई स्कूल के प्रिंसिपल पंकज कुमार एनसीसी के परीक्षक नवीन कुमार राधिका कुमारी शशि शेखर एवं विद्यालय के सभी गण्यमान्य शिक्षकगण उपस्थित थे,सुनील कुमार एवं नेहा कुटरियार ने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन सुबह सुबह योग करनी चाहिए। और प्रतिदिन योग करने से स्वास्थ्य के साथ साथ शरीर भी मजबूत रहता है। दुनियाभर में हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत सबसे पहले साल 2015 में की गई थी। योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। इसकी शुरूआत 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखने के साथ की थी। जिसके बाद से हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा है।योग दिवस प्रखंड के बिभिन्न संस्थाओं और निजी सरकारी विद्यालय में भी योग दिवस मनाया गया। कैंप में शालिनी गुप्ता अतिथि के रूप में आदर्श मध्य विद्यालय झुमरी तिलैया में उपस्थित थी और स्कूल के प्रिंसिपल विजय राम शैलजा वर्मा रूबी देवी गीता कुमारी पूनम कुमारी सभी गणमान्य टीचर्स टीम मौजूद थे और पतंजलि परिवार से भी सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे ,स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण जिला आयुष योग शिक्षक नेहा कुटरियार एवं सुनील कुटरियार के द्वारा उच्च माध्य विद्यालय करियाबार कोडरमा में भी योग कैंप दिया गया प्रिंसिपल अंजली कुमारी और स्कूल के सभी गणमान्य टीचर्स कालीचरण यादव मनोज कुमार प्रियंका कुमारी सुनीता कुमारी मौजूद थे ,बच्चों के बीच चॉकलेट और बिस्किट का भी वितरण किया गया और प्रोटोकॉल के साथ योग कराया गया।

## एक झलक

### नहीं रहे जोरी कलां के मुखिया मो. शमशाद

**चतरा :** चतरा जिला के प्रखण्ड हंटरगंज अंतर्गत पंचायत जोरी कलां के मुखिया मो. शमशाद की मृत्यु भेलौर से वापस आने के क्रम में हो गयी। इस बाबत उनके साथ भेलौर से आ रहे मो. महमूद ने बताया कि मो. शमशाद कई बीमारियों से पिछले कई वर्षों से पीड़ित थे जिसका इलाज सी एम सी भेलौर में चल रहा था। वृहस्पतिवार को सी एम सी भेलौर के डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी देकर घर ले जाने को कहा था मजबूरन मायूस उन्हें वापस लेकर भुनेश्वर गया जहां उन्होंने आखरी सांस ली और इस फानी दुनियां को सदा के लिए अलविदा कह गए। इन्होंने अपने पीछे।भरा पूरा घराना छोड़ कर वहां चले गए जहां से अब लौटना न मुमकिन है। इस घटना से मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव समेत कई मुखियाओ ने गहरा संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें सवर्ग में जगह देने की ईश्वर से प्रार्थना किए हैं।

### व्यवहार न्यायालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**गुमला :** व्यवहार न्यायालय गुमला के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के नेतृत्व में योग का आयोजन किया गया जिसमें व्यवहार न्यायालय गुमला के सभी न्यायिक पदाधिकारी ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी ने एक साथ योग अभ्यास की। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है जिसे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है । इसीलिए हमें योग को अपनाना चाहिए और निरोग रहकर अच्छे जीवन निर्वाह करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रेम शंकर एडीजे प्रथम, मनोज कुमार शर्मा एडीजे द्वितीय, भूपेश कुमार एडीजे तृतीय, मनोरंजन कुमार सीजीएम , पार्थ सारथी घोष ए सीजेएम, राम कुमार लाल गुप्ता अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, निर्मला बरला सिविल जज, प्रतिक राज जज इंचार्ज सह न्यायिक दंडाधिकारी, श्रद्धा भूषण न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम, सिविल कोर्ट के कर्मचारी गण एवं अधिवक्ता गण आदि उपस्थित थे। इसके साथही जिले के विभिन्न प्रखंडों में डीएलएसए के पीएलवीयों के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों वृद्ध महिलाओं को योग का ज्ञान दिया गया, और उसका महत्व बताया गया।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक सम्पन्न

**गुमला :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गुमला के कार्य समिति की बैठक शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में उपायुक्त ने सोसाइटी के पिछले कार्य कलापों से अवगत होने के बाद आगे इसे जारी रखने के लिए सदस्यों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. राजू कश्यप के द्वारा जिले के रक्त की कमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए ब्लड डोनेशन कैंप करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सहमति से पारित करते हुए आगामी 30 जून को पुलिस लाइन में रक्त दान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से वार्षिक कार्य योजना का कैलेंडर बनाने का निर्देश दिया।



### सेक्रेड हार्ट स्कूल में मना योग दिवस छात्रों के संग शिक्षकों ने भी किया योग

**झुमरीतिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी योग किया। योग शिक्षक आकाश कुमार सेठ, योग के राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक यादव और तनुश्री ने बच्चों को पद्मासन, शीर्षासन, मंडूकासन, ग्रीवा संचालन, वज्रासन, भद्रासन, शुष्कासन, उष्ट्रासन, वक्रासन सहित अन्य आसान कराया। इसके अलावा ध्यान में नाड़ी शोधन, प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम, विलोम सहित कई आसन कराए। विद्यालय परिसर योगमय हो गया था। योग शिक्षक आकाश सेठ ने नियमित रूप से योगा करने के लिए बच्चों को सलाह दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने भी बच्चों के साथ योग किया। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से योग करने की सलाह बच्चों को दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। जो बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे वे मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे। तभी पढ़ाई-लिखाई में उनका मन लगेगा। उन्होंने सभी बच्चों को सुबह और शाम नियमित रूप से योग और आसान करने की सलाह दी, ताकि वे हेल्दी लाइफ जी सकें। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, कुंदन राणा, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, चंदन पांडेय, संजय तिवारी, जयप्रकाश सिंह, सीमा जैन, सपना शर्मा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, सरोज पांडेय, रेणु सेठ, अलका सिंह, रूबी वर्मा, स्वीटी सिंह, लवली कुमारी, अनुष्का कुमारी, शशि राज, सुपर्णा डे समेत अन्य शिक्षक, बच्चे और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

### कैपिटल विश्वविद्यालय में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित



**झुमरी :** झुमरी तिलैया के चित्रगुप्त नगर में स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें लगभग 100 सदस्यों ने भाग लिया और योग किया। डीन अकादमिक डॉ. प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को योग दिवस के महत्व की जानकारी दी और छात्रों को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी एवं उन्होंने कहा कि योग हमें सिखाता है कि हम अपने शरीर और मन तथा आत्मा को संतुलित करें, योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, ध्यान की क्षमता बढ़ती है और जीवन में सकारात्मकता आती है। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव प्रो० वंदना भदानी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और आध्यातमिक उन्नति का मार्ग भी है, नियमित रूप से योग कर व्यक्ति न सिर्फ स्वस्थ और निरोग रहता है बल्कि कई बिमारीयों पर विजय भी प्राप्त कर लेता है। इस दिवस पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ने योग किया एवं विद्यार्थियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर हमसब मिलकर यह संकल्प लें कि हम योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे एवं स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए योग का अभ्यास करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर कैपिटल विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। एवं सभी छात्र-छात्राओं ने भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाई। योग दिवस पर विश्वविद्यालय की छात्रा प्रिया कुमारी एवं मासूमा ने नए-नए तरीकों से योग कराया।

### 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलावासियों ने किया योगाभ्यास

**बोकारो :** नगर के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में जिला आयुष समिति एवं जिला गंगा समिति द्वारा शुक्रवार को 10 वां. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, डीडीसी संदीप कुमार, डीपीएलआर मेनका, एसी मो. मुमताज अंसारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, जिला गंगा समिति के सदस्य, सिविल डिफेंस के सदस्य, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास की बच्चियां, काफी संख्या में आमजनों ने योगाभ्यास किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योग हमारी प्राचीन जीवन पद्धती है। वर्तमान समय में जीवन में योग का महत्व और बढ़ जाता है। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग जरूरी है। उन्होंने जिलावासियों से योग को अपने जीवन शैली में शामिल की बात कहीं। वहीं एसपी पूज्य प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक है, वह स्वयं नियमित इसे करते हैं। उन्होंने आमजनों को अपने शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने का अपील किया। इस अवसर पर डीसी - एसपी ने पुलिस लाइन मैदान परिसर में पौधरोपण भी किया। योगाभ्यास में दिया गया लोगों योग का प्रशिक्षण पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में काफी संख्या में में प्रशासनिक पदाधिकारी,कर्मी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, पुलिस जवान, सीनियर सीटीजन, पुरूषझ्र महिला आदि ने योगाभ्यास किया।



### योग दिवस पर कार्यक्रमों की रही धूम, स्वयं और समाज के लिए योग



**कोडरमा :** कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में योग दिवस पर कार्यक्रमों की धूम रही। आयोजित योग शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष रामलखन सिंह भी पहुंचे और योग शिविर में योग किये। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। बताया गया कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं के उच्चारण के साथ हुई। उसके बाद योग शिक्षक शरद अग्रवाल ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य राहुल घोष ने भी बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। अध्यक्ष रामलखन सिंह ने कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग है। स्वस्थ रहने के लिए जीवन में योग करना आवश्यक है, क्योंकि नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी मौजुद रहे।



### इंदुमती टिबड़ेवाल विद्यालय में बड़े उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**चतरा :** चतरा स्थित स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में आज दिनांक 21 जून 2024, दिन शुक्रवार को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। जिसमें कक्षा द्वितीय से दशम तक के छात्र-छात्राओं ने योग शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम में 349 भैया ,264 बहन व 68 आचार्य परिवार सहित कुल 681 लोगों ने योग क्रिया में शामिल हुए। योगाचार्य संदीप कुमार,अजय रजक माला सिन्हा व किरण कुमारी संयुक्त रूप से योग क्रियायों को संपन्न कराया। योगाचार्य संदीप कुमार ने बताया- योग की क्रियायों के द्वारा हम अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रख सकते हैं। माला सिन्हा ने कहा हम सभी को अपने नित्य क्रिया में योग को जोड़ना और नियमित योग का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम में योग मंत्र के साथ ध्यान योग, ब्रह्मनाद,शीतली प्राणायाम,अनुलोम- विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, पद्मासन,अर्ध कटी चक्रासन एवम 12 सूर्य नमस्कार सामूहिक कराया गया। शिशु मंदिर के प्रभारी व योगाचार्य अजय रजक ने बताया- हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारतीय योग संस्कृति को संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर भारत का दुनिया में मान एवं सम्मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने छात्र छात्राएं एवं उपस्थित समस्त आचार्य वृन्द तथा चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। शांति मंत्र के उपरांत आज का योग दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। अंत में भैया - बहनों के बीच अल्पाहार वितरण किया गया।

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट, टैंकर से मुहल्लों में राजद पहुंचा रहा पानी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** भीषण गर्मी से आम जनमानस परेशान है। चिलचिलाती गर्मी में धरती तप रही है और जलस्तर काफी नीचे चला गया, जिसकी वजह से कई मुहल्लों में चापाकल और कुआं से पीने का पानी नही निकल पा रहा है। झुमरीतिलैया के कई इलाकों में सालों से पेयजल संकट विकराल रूप धारण कर रही है। इस साल भीषण गर्मी में कई कुआं सुख चुके है और शहर में पेयजल संकट गहरा गया है। आम जनमानस पीने के पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। झुमरीतिलैया के विभिन्न वार्डो में पेयजल संकट भयावह रूप धारण कर चुकी है, सुबह शाम लोग पानी लाने के लिए शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक 50 से 100 लीटर पानी के गैलन लेकर दौड़ लगा रहें। शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन से जलापूर्ति नियमित नही होने और कई इलाकों में पाइपलाइन नही होने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आबादी बहुल इलाकों और स्लम एरिया में लोग पेयजल संकट से खासे परेशान है। पेयजल संकट के बीच राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव शहर के कई इलाकों में निजी खर्च से टैंकर से पानी उपलब्ध करा रहे है। शहर के कई वार्डो में सुबह शाम राजद नेता के पहल पर टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के निजी कोष से झुमरीतिलैया के विभिन्न वार्डो के मुहल्लों में टैंकर से पानी मुहैया कराई जा रही है।



राजद कार्यकर्ता नगर परिषद क्षेत्र के बजरंग चौक स्थित अंबेडकर नगर, झलपो, भादेडीह,असनाबाद,दर्जी मुहल्ला,देवी मंडप रोड,ताराटांड़ समेत अन्य इलाकों में टैंकर से पानी का लगातार दूसरे दिन वितरण किया। राजद नेताओ ने कहा कि झुमरीतिलैया समेत विभिन्न इलाकों में पेयजल संकट के मद्देनजर सुभाष प्रसाद यादव की ओर से टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।जिन इलाकों में भी पेयजल की समस्या है, उन इलाकों में टैंकर भेजा जा रहा है। उन्होंने झुमरीतिलैया वासियों से अपील किया है कि पेयजल की समस्या जहाँ भी है, उस मुहल्ले के लोग राजद कार्यालय से सीधा संपर्क करें। उन्होंने कहा कि झुमरीतिलैया के सभी वार्ड में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। राजद कार्यालय के ऑफिसियल नंबर हेल्पलाइन नंबर 9905527275 पर संपर्क करने पर टैंकर सीधा मुहल्ले में भेजा जाएगा।

## टंडवा -सिमरिया मुख्य सड़क में स्थाई नो इंट्री लागू कर क्या प्रगति के पहियों पर लगेगा पूर्ण विराम!

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया मुख्य ग्रामीण सड़क से चट्टी बारियातु के कोयले की ढुलाई पर बहुप्रतीक्षित नो इंट्री लगाकर क्या प्रगति के पहियों पर अब पूर्ण विराम लगाया जायेगा!? इसकी चर्चा हर जगह छाई है। जबकि लोगों की उम्मीदें नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह पर टिकी हुई है जिन्होंने अपने विजयी घोषणा होने से महज एक दिन पूर्व हीं स्थाई नो इंट्री लगाने हेतु वादा करते हुवे अपने सख्त तेवर जता चुके हैं।चर्चा है कि सांसद प्रशासनिक स्तर से जोरदार पहल कराने के प्रयास शुरू कर चुके हैं। जबकि इसी मुद्दे पर भाजपा की विपक्षी पार्टी झामुमो नेता मनोज चंद्रा भी साथ देते हुवे लोगों के बीच आकर नो इंट्री की मांग कर रहे हैं। आमलोगों के लिए ये अति सुखद पहलू है कि दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियां जो केंद्र व राज्य में सत्तारूढ़ हैं जिनके सकारात्मक पहल होने से निश्चय हीं स्थाई नो इंट्री लगने की काफी उम्मीदें बढ़ी हैं। दूसरी ओर इन राजनीतिक पार्टी के नेताओं के लिए अब करो या मरो की भी स्थिति बनी है, क्योंकि वे उक्त मामले में एक दूसरे पर केंद्र या राज्य का मुद्दा बताकर लोगों को आसानी से गुमराह नहीं कर सकते। ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों द्वारा भारी धनबल का उपयोग प्रतिमाह मैनेजिंग कर वर्षों से चंद मुआवजा देकर लोगों को कुचलने वालों से आजिज होकर लोग अब टंडवा - सिमरिया सड़क में कोल वाहनों से बचाने की मुहिम छिड़ी है। जिसपर आधा दर्जन ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के होश उड़े हुवे हैं ! बताया जाता है कि स्थाई नो इंट्री मामले के टालमटोल हेतु सत्ता के गलियारों से लेकर अधिकारियों के दफ्तरों तक वे चक्कर लगा रहे हैं। चौक-चौराहों में दिलचस्प चर्चा ये भी है कि चट्टी- बारियातु से उत्पादित कोयला जो हजारीबाग के कटकमसांडी तक जो प्रगति नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी ढुलाई करा रही है वहां से रेलवे रैक की लोडिंग में दो दिग्गज राजनेताओं की ठेकेदारी है। सूत्र बताते हैं कि ऐसे में नो इंट्री लगने के बाद होने वाले करोड़ों रुपए के व्यापारिक घाटा के आकलन व प्रभाव को देखते हुवे ठोस अमल में लाने से परहेज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शागिर्दों के लिए ये स्थिति *₹सोने की अंडा देने वाली मुर्गी को हलाल ₹* करने जैसा हो गया है। बहरहाल सियासती केंद्र में टिके जनहितों के इस मसले पर बहुतायत लोगों की उम्मीदें कायम हैं ?। ऐसे में कार्रवाई कब तक व कितनी असरदार होगी तथा विधानसभा चुनाव से पूर्व इस मुद्दे पर लोगों में सियासी रंग चढ़ता है या उतर जाता है ये तो फिलहाल भविष्य के गर्त में दफन है।


### रांची स्टेशन पर 01 कैटरिंग यूनिट के लिए अनुबंध प्रदान करना

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है: **निविदा अधिसूचना संख्या: सीएटीजी-मिल्कस्टॉल-5-आरएनसी-3। कैटरिंग यूनिट:** मिल्क स्टॉल-5। **स्टेशन:** रांची। **स्थान:** प्लेटफॉर्म नंबर 4/5 (पोल नंबर आरएनसी/117 और आरएनसी/119 के बीच)। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (अनंतिम):** ₹ 47,226। **बयाना राशि:** ₹ 12,300। **निविदा की लागत:** ₹ 2,500 साथ में 18% जीएसटी (प्रत्येक कैटरिंग यूनिट हेतु निविदा के लिए)। **अनुबंध की अवधि:** 5 वर्ष। पूरी बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा में) होगी। इस निविदा सूचना दिनांक 20.06.2024 से संबंधित सभी अधिसूचनाएँ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई हैं। बोली दस्तावेज **20.06.2024 से 11.07.2024 तक** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे और अपलोड किए जा सकते हैं। बोली **20.06.2024** से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जा सकती है। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **11.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे** तक है और बोली **11.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी।

(PR-287) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

### कार्यालय, निबंधक, व्यवहार न्यायालय, रांची

रांची दिनांक 20वीं जून, 2024 ई0

**सूचना**

इस नोटिस के माध्यम से व्यवहार न्यायालय, रांची में वाह्य स्रोत से जल वाहक (पानी पांडे), माली एवं सफाई कर्मी की बहाली हेतु योग्य संस्था या व्यक्तिगत रूप से निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त पदों हेतु मजदूरी का भुगतान सरकारी नियम एवं प्रावधानों के अंतर्गत किया जायेगा। उक्त भर्ती का विवरण निम्न प्रकार से है :–

**जल वाहक (पानी पांडे)** – 02
**माली** – 02
**सफाई कर्मी** – 02

इस संबंध में इच्छुक योग्य संस्था या व्यक्ति अपनी निविदा कार्य अनुभव के साथ नजारत व्यवहार न्यायालय, रांची में दिनांक 28.06.2024 तक समय 12:00 बजे दोपहर तक समर्पित कर सकते हैं।

आदेशानुसार
ह०/–
PR 327182 Law(24-25)#D निबंधक, व्यवहार न्यायालय, रांची

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

Un-Tied मद अन्तर्गत

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक **27.06.24 को** 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक **28.06.24 को 3.00** बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक **28.06.24 को 3.00** बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 04 श्रेया इन्कलेव के पीछे तारा निवास से लेकर हनुमान मन्दिर तक 950 फीट पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | 28,62,000.00 | **57,500/-** | **5000/-** | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 53 भवानीपुर कॉलोनी टुपूदाना में 745 फीट पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | 24,89,900.00 | **50,000/-** | **5000/-** | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 5 बूटी बस्ती टंगरा टोली स्थित श्री रामकृष्ण धाम अपार्टमेन्ट जल निकासी हेतु 550 फीट नाली निर्माण कार्य। | 8,43,000.00 | **17,000/-** | **1250/-** | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :

1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

PR 327184 (NREP) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

## एक झलक

### अवधेश नारायण ने संभाला बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का पद

**पटना** : भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का पद शुक्रवार को संभाल लिया। तत्कालीन सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी से विजयी होने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसी कारण अब कार्यकारी सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह को नई जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल 75 वर्षीय अवधेश नारायण सिंह लंबा राजनितिक अनुभव रखते हैं। पिछले चार दशकों से ज्यादा समय में वे राजनीति में सक्रिय हैं। अवधेश नारायण सिंह गया स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद हैं। वह पूर्व में भी विधान परिषद के सभापति की जिम्मेदारी संभाल चुके है। अवधेश नारायण सिंह तीन बार के एमएलसी हैं। वे नीतीश सरकार में अप्रैल 2008 से नवंबर 2010 तक श्रम संसाधन मंत्री भी रह चुके हैं। इस मौके पर विधान परिषद के पूर्व सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, नीतीश मंत्रिमंडल के सदस्य विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र यादव सहित उनके परिवार के कई सदस्य मौजूद रहे।

### शराब की तस्करी मामले में अभियुक्त को 5 साल की सजा

**भागलपुर** : जिले के सन्हौला में 2023 में शराब की तस्करी के मामले में पकड़े गए अमजद खान को विशेष न्यायाधीश उत्पादक कोर्ट–2 ने शनिवार को 5 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा के बिंदु पर हुई सुनवाई में सरकार की ओर से शामिल हुए विशेष लोग अभियोजक भोला कुमार मंडल ने बताया कि 27 फरवरी 2023 को सन्हौला पुलिस ने सनन्हौला चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति शराब लेकर एक मोटरसाइकिल से सन्हौला बाजार की तरफ जा रहा है। वाहन चेकिंग के क्रम में भुड़िया मोड़ से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई तो पुलिस ने उसे रोकने को कहा। लेकिन बाइक सवार भगाने का प्रयास करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े व्यक्ति अमजद खान के मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल के दोनों तरफ डिक्की में 40 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। सरकार की तरफ से विशेष शलोक अभियोजक भोला कुमार मंडल ने बहस में भाग लिया। विशेष लोक अभियोजक के सहयोगी अधिवक्ता राजेंद्र कुमार रवि, रंजन कुमार, संजीव कुमार शर्मा एवं अन्य थे।

### तेज रफ्तार बाइक से रील बना रहे युवक ने बच्चे को रौंदा, घटना स्थल पर ही मौत

**नवादा** : तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए वीडियो बना रहे युवकों ने शुक्रवार को एक बच्चे की नवादा में जान ले ली। जिले में गोविंदपुर प्रखंड के अकबरपुर थाली रोड में यह हादसा हुआ। चार बाइक पर वीडियो बना रहे तेज रफ्तार बाइक चालकों ने एक बच्चे को रौंदा दिया। जिससे बच्चे की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान दनियार गांव के चंदन मांझी के 7 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप हुई है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों द्वारा थाली थाना को घटना की सूचना दी गई। थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव व एस आई ललन कुमार दल–बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और शव को कब्जे में लेने की प्रयास किया। गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर सड़क जाम कर दिया और सरकारी मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। बीडीओ नीरज कुमार राय घटनास्थल पर पहुंच कर सरकारी मुआवजे दिलवाने तथा परिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपए देने की बात कही। लोगो को समझा बुझाकर शांत करवाया गया। थानाध्यक्ष एवं बीडीओ के द्वारा सरकारी मुआवजे दिलवाने की अश्वाशन पर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और जाम को हटवाया गया।

# स्वस्थ जीवन जीना जिंदगी की जमा पूंजी है, योग करना रोगमुक्त जीवन की कुंजी है

## स्वस्थ भारत अभियान की सफलता का लिया गया संकल्प



**एजेंसी**

**नवादा** : दसवावें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को नवादा में योग शिविरों का आयोजन कर स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। पतंजलि योगपीठ की ओर से नवादा के गांधी इंटर स्कूल ,भारतीय जनता पार्टी की ओर से आर्य समाज मंदिर ,कन्हाई स्कूल मैदान ,शोभा शिव मंदिर परिसर,अदर्शसिटी मैदान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मिजार्पुर सूर्य मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन कर स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया ।नवादा के सांसद डॉ विवेक ठाकुर ,प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार भाजपा नेत्री डॉ पूनम शर्मा,पत्रकार डॉक्टर साकेत बिहारी ,डॉ सुनील कुमार डॉ विकास कुमार ,पूर्व सिविल सर्जन डॉ विमल कुमार ,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता, शिक्षाविद शैलेश कुमार ,वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, नन्दकिशोर चौरसिया आदि ने योग शिविर में हिस्सा लेकर समाज में योग की महिमा

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024

को प्रचारित करने का भी संकल्प लिया । सांसद विवेक ठाकुर ने योग के माध्यम से निरोग रहकर समाज की सेवा की बात कही । इस दौरान जिला के सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी शिक्षाविद नेता बुद्धिजीवी ने संसद के साथ योगासन में किए। नवादा सांसद विवेक ने कहा कि 10 साल पहले साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से लेकर आज 10 वर्षों से 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने सभी जिला वासियों को प्रत्येक दिन कम से कम अपने शरीर स्वस्थ रखने हेतु आधे घंटे योग करने का भी बातें कही। भारत माता के छवि पर नवादा पुष्पांजलि अर्पित कर समृद्ध भारत के निर्माण के लिए आम नागरिकों से सजग बनकर काम करने की भी बात कही गई। अंतरीय राष्ट्रीय योग दिवस पर पूर्व बैंक प्रबंधक सुबोध कुमार ने एक्यूप्रेशर के माध्यम से निरोग भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## योग हमें जीने की कला सिखाती हैं : कार्यवाहक कमान्डेंट



**पूर्वी चंपारण** : जिले में पीपरा कोठी स्थित 71वीं वाहिनी एसएसबी कैम्प में शुक्रवार को कार्यवाहक कमांन्डेट दिनेश कुमार ममोत्रा के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर एसएसबी के अधिकारियों जवानों व बड़ी संख्या में जुटे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पिपराकोठी खेल मैदान में योगाभ्यास किया। मौके पर कमांन्डेंट ममोत्रा ने बताया कि योग कर के हम अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं साथ ही एक स्वस्थ व खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकते हैं। वर्तमान समय मे लोग धीरे धीरे तनाव व मानसिक विकृतियां जैसी रोगों से ग्रसित होते जा रहे है जिसे हम निरंतर योग कर सही कर सकते हैं। इस अवसर पर एसएसबी के जवानों ने मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 25 बिहार बटालियन के एनएनसी कैडेट्स के साथ संयुक्त रूप से योगाभ्यास कर लोगो को जागरूक किया। इस दौरान 45 मिनट के योगाभ्यास में लगभग दो दर्जनों से ज्यादा योगासन जैसे सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, अनुलोम विलोम, मण्डुकासन,भ्रामरी, कपाल भांति, त्रियकासान इत्यादि किया गया।

## नियमित तौर पर योगाभ्यास की रही धूम



**अररिया** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अररिया जिला में योगाभ्यास की धूम रही।विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक,शैक्षणिक संगठनों के साथ साथ सरकारी और गैर सरकारी सरकारी संगठनों की ओर से विभिन्न स्कूलों,मैदानों और परिसर में योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। योग के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए आमजनों से योगाभ्यास कराया गया।कोशी योगा क्लब बथनाहा में योग गुरु शत्रुघ्न कुमार की अगुवाई में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा तीन की छात्रा राघवी प्रिया के द्वारा उत्कृष्ट योग प्रदर्शन किया गया। राघवी प्रिय बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर निवासी राज कुमार साह की पुत्री है और योग के विभिन्न विधाओं में महारत हासिल की हुई है। योग दिवस पर योगाभ्यास को लेकर सुबह से ही चहल पहल दिखी।लोग योगाभ्यास के लिए मैदान पहुंच कर अलग अलग समूह में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और दूसरों को भी नियमित तौर पर योगाभ्यास करने को प्रेरित किया।

## पतंजलि योग समिति ने योगाभ्यास कर मनाया योग दिवस



**अररिया** : फारबिसगंज के प्लस टू स्तरीय द्विजदेनी स्मारक उच्च विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योगी भाई बहनों के द्वारा योगाभ्यास कर मनाया गया। मौके पर सर्वप्रथम योग गुरु बाबा रामदेव के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए गए। योग संचालन का कार्य योगाचार्य योगेंद्र यादव के नेतृत्व में शंकर राम दास, नमिता वर्मा,रविशंकर कुमार और अंबिका मेहता के द्वारा कराया गया।संचालन सुरेन्द्र मंडल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता ई. आयुष अग्रवाल ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बताया कि आज के परिवेश में योग करना क्यों जरूरी है। दधीचि देहदान समिति के जिलाध्यक्ष अजातशत्रु अग्रवाल ने योग से होने वाले शारीरिक लाभ की जानकारी दी। विद्यालय प्रधान अरुण कुमार सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ इस अवसर पर योगदान दिया। योगी राजू भाई ने सबों को नैतिक एवं गुणवान बनने का संकल्प दिलाया। बहन सृष्टि शोम एवं जवाहर गुप्ता ने भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। योगाभ्यास में योगी अभिजीत कुमार, काशी प्रसाद साह, डॉ माधव सिंह, विजय मंडल, दिनेश मंडल, कृष्णा प्रसाद गुप्ता आदि दर्जनों भाई बहन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व योगाचार्य मदन मोहन मेहता की अस्वस्थता के कारण सभी उनके घर पर जाकर योग दिवस की शुभकामनाएं दी और उनके निरोगी रहने की प्रार्थना करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नीट पेपर लीक कांड में गिरफ्तार आरोपितों की सुनवाई टली, नहीं मिली जमानत

**एजेंसी**

**पटना** : नीट पेपर लीक मामले में चार आरोपितों की शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में एडीजे–5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी। एडीजी राजेन्द्र कुमार सिन्हा की अदालत ने पुलिस को अगली सुनवाई में एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने की बात कहकर सुनवाई को टाल दिया। पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीट पेपर लीक मामले में अनुराग यादव, आयुष कुमार, नितीश पटेल और सिकंदर यादवेंदु की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। एडीजी–5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी है। यह चारों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में 25 जून को अगली तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस को एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने को भी कहा गया है। अगली सुनवाई में डायरी पेश की जाएगी नीट पेपर लीक मामले में शास्त्री नगर थाने की पुलिस के द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सॉल्वर गैंग के सदस्य के साथ अभ्यर्थी भी शामिल थे। चार आरोपितों की आज जमानत याचिका पर पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद आरोपितों की जमानत पर कोर्ट ने कोई फैसला नहीं सुनाया है। साथ ही कोर्ट के द्वारा एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी मांगी गई है। नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु दानापुर में नगर आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित था। वह समस्तीपुर का रहने वाला है। इसकी मुलाकात अमित आनंद से हुई थी। इन्हीं दोनों ने मिलकर इतने बड़े एग्जाम का पेपर लीक करा दिया। मामले में गिरफ्तार सभी आरोपित पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। पुलिस के कबूलनामे में इसने स्वीकार किया है कि इसके पास चार मई को ही पेपर लीक होकर आ गया था और उसी रात में अभ्यर्थियों को पेपर रटवा दिया था। गिरफ्तार अभ्यर्थी अनुराग ने भी यह स्वीकार किया है कि चार मई को जो पेपर उसे रटाया गया था, वही प्रश्न एग्जाम में पूछा गया था।

## 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आज आचार्यकुलम, नामकुम विद्यालय के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। आज के इस शुभ अवसर पर विद्यार्थी सहित वि?द्यालय के सभी सदस्यों ने भाग लिया। वि?द्यालय के संगीत शिक्षक सहित म्यूजिक टीम ने ध्यान केंद्रित करने वाले मधुर संगीत के साथ योग दिवस के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण जी की सूक्ष्म उपस्थिति में योग कार्यक्रम का संचालन हुआ। उन्होंने स्वयं और समाज के लिए योग विषय में इस बात पर जोर दिया कि योग केवल व्यक्तिगत कल्याण के बारे में नहीं है बल्कि यह आंतरिक आत्मा और बाहरी दुनिया के बीच संबंध को बढ़ावा देता है। विद्यालय प्रबंधक महोदय स्वामी दिव्य देव जी ने स्वयं विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया एवं यह संदेश दिया कि 'योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ाता है बल्कि सामाजिक कल्याण में भी योगदान देता है'। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा महोदया एवं साध्वी देवेष्ठी जी ने भी शिक्षक गणों के साथ मिलकर योग करके व्यक्तिगत और सामूहिक स्वास्थ्य के परस्पर संबंध को रेखांकित किया है। साथ ही प्रचार्या महोदया ने इस व्यस्ततम जीवन शैली में कुछ समय निकालकर योग करने का संदेश भी दिया। प्रत्यूष (नर्सरी) के नन्हे बच्चों सहित विद्यालय के सभी सदस्यों ने उत्साह और नई ऊर्जा के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और आज के इस शुभ दिन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

### वीरपुर के मुशहरी में नल-जल योजना का सांसद ने किया निरीक्षण

**पूर्णिया** : सांसद पप्पू यादव ने पूर्णियां पूर्व प्रखंड के वीरपुर पंचायत के वार्ड संख्या–07 बड़की मुसहरी में नल जल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि मैं जब इस मुसहरी मोहल्ले में आया तो हैरान हो गया। मैंने पाया कि सभी नल जल योजना अपूर्ण है, लेकिन कागज पर यह पूर्ण दिखाया जा रहा है। इस मामले की जांच के साथ हमने अधिकारियों को उचित कदम उठाने के लिए निर्देशित किया और कहा कि अपूर्ण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। साथ ही हमने जांच के दौरान पाया कि इस वार्ड में एक भी शौचालय नहीं है जिसके बाद हमने फैसला किया कि सांसद निधि से यहां सार्वजनिक शौचालय की स्थापना की जाएगी।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर करवायी योगा क्लास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा शेषण करवाया। यह शेषण योगा ट्रेनर राज सिंह द्वारा टीम स्प्रिट डांस एवं फिटनेस स्टूडियो रातु रोड में करवाया गया, योगा टीचर ने मेंबर्स को योग से सम्बन्धित जानकारी दी, और कई तरह के आसन सिखाये। शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने सभी मेंबर्स से रोज योगा में कुछ समय देने की विनती की , और कहा हमारे शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए योगा का काफी योगदान होता है , करे योग रहे निरोग को याद करते हुए सब ने रोज योग करने का प्रण लिया। शाखा द्वारा योगा टीचर को अंग्वस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका कोमल झुनझुनावाला एवं आशा सराफ ने कार्यक्रम की सारी तैयारी की। मोके पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, कोमल झुनझुनवाला, आशा सराफ, रितु पोद्दार, दीपिका मोतिका, कविता जालान, पायल जैन, सोनल, कृष्ण अग्रवाल मोजूद थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## मन की शांति के लिए सबसे बढ़िया साधन योग है : डॉ. तपन कुमार शांडिल्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 21 जून प्रातः 7 बजे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के नए प्रशासनिक भवन में डिपार्टमेंट ऑफ योगिक साइंस, एनएसएस, एनसीसी और बीएड विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने भी योगाभ्यास करते हुए कहा कि मन की शांति के लिए सबसे बढ़िया साधन योग है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम है, स्वयं और समाज के लिए योग। यह विषय योग अभ्यास के दोहरे फायदे पर जोर देता है, व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर समाज में सुधार करना। थीम का यह मानना है कि आंतरिक शांति और उसकी देखभाल ही खुशहाल और स्वस्थ अस्तित्व की आधाशिला है। उन्होंने आगे कहा कि उम्र बढ़ने के साथ ही शरीर पर उसका प्रभाव दिखने लगता है, चाहे वह आंखों की रोशनी हो या मांसपेशियों की समस्या, अगर व्यक्ति युवावस्था से ही योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर लें तो उम्र अधिक होने पर उन्हें शारीरिक तौर पर कम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर लगभग 200 की संख्या में शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षक अमित केसरी, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, डीएसपीएमयू के बीएड विभाग के मनीष कुमार, योग विभाग की मिनी सहाय और डीएसपीएमयू के पीटीआई परमेश्वर महतो और प्रिया कुमारी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## मारवाड़ी कॉलेज में योग शिविर का हुआ आयोजन

**एजेंसी**

**किशनगंज** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी कालेज, किशनगंज में एन एस एस इकाई द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य प्रो डॉ संजीव कुमार, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी सहित एनएसएस स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में राष्ट्रीय स्तर के योग प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रथमतः लंबी श्वास लेने व छोड़ने की विधि का अनुपालन करवाकर वार्म अप कराया। इसके बाद बारी-बारी सभी सामान्य योगासन कराया। शिविर में अनुलोम-विलोम,



कपालभाती एवं भ्रामरी योगासन की विधि सभी प्रतिभागियों ने ध्यान से सीखी।उर्दू विभागाध्यक्ष-सह-एन.एस.एस. पदाधिकारी डा कसीम अख़्तर ने कहा कि राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के निर्देश पर योग शिविर का आयोजन किया गया है। प्रिंसिपल प्रो डॉ संजीव कुमार ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारतवर्ष में योग की परंपरा रही है और योग करके ही भारतीय निरोग रहते थे।

## योग भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार : रविशंकर प्रसाद

- **पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा : दीघा के गंगा तट को सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पटना** : नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद तथा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया के साथ दीघा में गंगा के किनारे सैकड़ों की संख्या में निगम सफाईकर्मियों के साथ योग किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त अनिमेष पराशर के साथ सभी वार्ड पार्षद भी उपस्थित थे। सामूहिक योग



के इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र भी उत्साह के साथ शामिल हुए। पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने गंगा के किनारे सफाईकर्मियों के साथ योग करने के अनूठे प्रयोग को सराहा और सुन्दर और रमणीक बनाने के लिए सांस्कृतिक स्थल विकसित करने की योजना पर विचार करने को कहा। उन्होंने ऐसे किसी भी प्रयास के लिए केन्द्र की ओर से हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दुनिया के लगभग 200 देशों में योग किया जाता है। नियमित योग से अंदरूनी ऊर्जा शक्ति के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों एवं देशवासियों के सहयोग से योग आज दुनिया में लोकप्रिय हुआ है और योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना रहे हैं। अपने सम्बोधन में नगर विकास मंत्री नीतीन नवीन ने कहा कि योग दिवस शरीर के बेहतर स्वास्थ्य के साथ मन को भी स्वस्थ रखने के संकल्प का दिन है। उन्होंने आगे कहा कि जिस स्थान पर हम सब योग करने के लिए एकत्रित हुए हैं, मन और तन की स्वच्छता के साथ गंगा की निर्मल धारा का यह एक अद्भुत संगम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र में 151 देशों के समर्थन से योग दिवस को मान्यता मिली थी। योग दिवस की मान्यता से भारत की सांस्कृतिक धरोहर और जीवन पद्वति की विश्व पटल पर बेहतर छवि स्थापित हुई है। मंत्री नीतीन नवीन ने पटना नगर निगम के अधिकारियों तथा सफाईकर्मियों को पटना में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। नियमित योग के अभ्यास को अपने जीवन में अपनाते हुए हम सब को मिल कर स्वच्छता की रैंकिंग में पटना को देश के सबसे सुन्दर और स्वच्छ शहरों के समकक्ष खड़ा करने के लिए संकल्प का भी दिन है। दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने उपस्थित निगम सफाईकर्मियों तथा अधिकारियों को कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ लाभ के लिए योग का प्रयोग पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है। योग हमारी उन्नत सांस्कृतिक विरासत और जागरूक पृष्ठभूमि का आधार है। पूरे विश्व में भारत को पहचान दिलाने में योग का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

## 15 सौ लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ 01 व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी**

**भागलपुर** : जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 1500 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद तथा 01 व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी एसपी राज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि भागलपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि 01 चारपहिया वाहन से प्रतिबंधित कफ सिरप कोतवाली थाना क्षेत्र के खलीफाबाग बुढ़ानाथ रोड से गुजरने वाली है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर की निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र में वाहन जाँच के क्रम में 01 चारपहिया वाहन से 1500 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त तथा 01 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व्यक्ति मनोज झा मानिकपुर वार्ड नं0-51 थाना मोजाहिद्पुर जिला भागलपुर का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक, नगर, के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक, नगर के नेतृत्व गठित में छापेमारी दल में रानी कुमारी, प्रभारी थानाध्यक्ष कोतवाली, धनंजय कुमार डी०आई०यू०, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल कोतवाली थाना शामिल थे।

## एक झलक

### अमेरिका ने भारत-पाक के बीच सीधी बातचीत की हिमायत की

**वाशिंगटन :** भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत की हिमायत करते हुए अमेरिका ने कहा है कि दोनों देश स्वयं सीधे संवाद की दिशा तय करेंगे। अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के साथ संबंधों को महत्व देने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस वार्ता में कहा कि हम भारत-पाकिस्तान दोनों के साथ संबंधों को महत्व देते हुए दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध साझा करते हैं। दोनों देश हिंद-प्रशांत रणनीति पर काम करने वाले भागीदार बने रहेंगे। दरअसल, प्रेस वार्ता के दौरान उनसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल पर बधाई दिए जाने पर अमेरिकी की प्रतिक्रिया के बारे में सवाल किया गया था।

### यूक्रेन ने पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा की

**कीव :** रूस ने बुधवार रात नौ क्रूज मिसाइलों व 27 ड्रोन से यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। जिसके बाद यूक्रेन ने पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा की है। वहीं, यूक्रेन ने भी रूस के तेल डिपो पर ड्रोन से हमले किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच एक दूसरे के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा है कि तीन महीने पहले यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर सातवां बड़ा हमला करने वाले रूस ने अब फिर नौ मिसाइलों व 27 शहीद ड्रोन से यूक्रेन के मध्य व पूर्वी क्षेत्र में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है।

### इजराइल का कोई भी हिस्सा नहीं रहेगा सुरक्षित

**बेरूत :** इजराइल-हमास युद्ध के बीच हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने धमकी दी है कि इजराइल का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं रहेगा। नसरूल्ला ने कहा है कि इजराइल के साथ अगर उनके संगठन का युद्ध हुआ तो उसकी कोई सीमा नहीं होगी। इजरायल पर सभी ओर से हमले होंगे और उसका कोई भी हिस्सा हिजबुल्ला के हमलों से अछूता नहीं रहेगा। नसरुल्ला ने साइप्रस के साथ भी युद्ध की बात कही है, जिसे साइप्रस ने खारिज कर दिया है।

# समाज को सही दिशा देने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री




एजेंसी

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक भावी पीढ़ी को सही दिशा देकर उनका चरित्र निर्माण करते हैं। समर्पित, सक्षम और सफल नागरिक बनाने तथा राष्ट्र चेतना को बढ़ाने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेशवासियों को शिक्षा का बेहतर वातावरण देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है।

शर्मा शुक्रवार को टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) के 62वें प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करते हैं तथा उनके विचारों का समाज पर गहरा प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भारतीयता से ओतप्रोत संगठन है, जो कि देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को स्थापित करने का कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने जल जीवन मिशन, बिजली खरीद, बिना किसी संसाधनों के महाविद्यालयों खोलने जैसे दिशाहीन गलत फैसले लिए। जल जीवन मिशन में जहां पानी के स्त्रोतों के बिना ही टंकी बना दी गई। बिजली खरीद में हजारों करोड़ का घाटा किया गया। महाविद्यालय खोलने के संबंध में भी बिना किसी मूलभूत सुविधाओं के अंधाधुंध महाविद्यालय राजसेस के तहत खोल दिए गए। जिनमें कोई स्थाई शिक्षक नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार ने राजसेस के अंतर्गत खोले गए इन कॉलेजों की समीक्षा के लिए हाई पावर कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी इस सभी कॉलेजों की फिजिबिलिटी एवं औचित्य का परीक्षण कर आगे कार्रवाई करेगी।

शर्मा ने कहा कि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालयों में एसीपी एवं सीएस के लाभ से संबंधित जितने भी प्रकरण हैं, उन्हें तुरंत निस्तारित किया जाएगा। भविष्य में प्रतिवर्ष एसीपी और सीएस लाभ के लिए प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और शिक्षकों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर प्रयत्नशील हैं। उनके नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

## गेमजोन अग्निकांड : एसआईटी ने सरकार को सौंपी 100 पन्नों की जांच रिपोर्ट

**अहमदाबाद :** राजकोट शहर में 25 मई को हुए टीआरपी गेम जोन अग्निकांड की जांच रिपोर्ट स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को राज्य सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में चार सरकारी विभागों की लापरवाही का उल्लेख किया गया है। साथ ही गेम जोन में कई बड़ी लापरवाही बरतने का भी जिक्र है। राज्य सरकार ने गेम जोन अग्निकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। 3 जून को गठित एसआईटी ने अग्निकांड की प्राथमिक रिपोर्ट 72 घंटे और फाइनल रिपोर्ट 672 घंटे में



सौंपी है। राजकोट टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में 27 लोगों की मौत हो गई थी। शवों की हालत इतनी खराब थी कि सभी 27 शवों का पता लगाने के लिए डीएनए टेस्ट किया गया। इसके बाद शवों को परिजनों को सौंपा जा सका। राज्य सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर अब जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरने की आशंका है। उच्चाधिकारियों की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। एसआईटी की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। एसआईटी के अध्यक्ष सुभाष त्रिवेदी की रिपोर्ट में यह निष्कर्ष दिया गया है कि टीआरपी गेम जोन अग्निकांड के लिए राजकोट महानगर पालिका (मनपा), पुलिस विभाग और मार्ग और मकान विभाग के अधिकारी जिम्मेदार हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम हुआ सुहाना

■ देश के अन्य राज्यों में बन रहे हैं भारी बारिश के आसार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर के इलाकों में आज दोपहर बाद मानसून पूर्व की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। हालांकि बारिश के कारण कई इलाकों में वाहन चालकों को सड़कों पर जाम की समस्या से रु-ब-रू होना पड़ा।

मौसम विभाग का कहना है कि हालांकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 30 जून तक मानसून पहुंचने की संभावना है। फिलहाल, दो दिन बाद दिल्लीवासियों को प्रचंड लू और गर्मी से जूझना पड़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक आज की यह ताजा बारिश पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई। इस वजह से दिल्ली में पारा 3.6 डिग्री लुढ़क गया। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 40 डिग्री रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर राजस्थान में भी देखने को मिल रहा है। इस वजह से राजस्थान के जयपुर, बीकानेर, चुरु, जोधपुर, जैसलमेर, उदयपुर, कोटा जिलों में आज बारिश के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस क्रम में गुरुवार को भी इन जगहों पर बारिश होने से तापमान में कमी आई। इन जगहों पर गुरुवार को बारिश होने से तापमान 42.7 डिग्री के आसपास रहा।

## पाकिस्तान में कोल्ड ड्रिंक्स की मची लूट

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में एक अजीब घटना घटी जब शीतल पेय कंपनी का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद वहां लोगों में कोल्ड ड्रिंक्स लूटने की होड़ मच गई। लोगों ट्रक से कोल्ड ड्रिंक्स की बोतले लेकर भागते नजर आ रहे हैं। इस घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें महिलाओं और बच्चों में पलटे हुए ट्रक से बोतलें लेने के लिए झगड़ते हुए देखा जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना फैसलाबाद के चक नंबर 203 रब छोटा मानवाला के पास हुई। कोल्ड ड्रिंक्स से भरा एक ट्रक दूसरे वाहन से टकराकर पलट गया।

# दिल्ली जल संकट : जलमंत्री आतिशी ने शुरू किया 'पानी सत्याग्रह'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। सत्याग्रह शुरू करने से पहले सुबह 10.45 बजे वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। यहां से सुबह 11 बजे राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंचीं और यहां दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह,



कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज व इमरान हुसैन, विधायक दुर्गेश पाठक, राखी बिड़लान समेत कई विधायक व पार्षद मौजूद रहे।

इस मौके पर जलमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है। दिल्ली की जल मंत्री होने के नाते मैंने दिल्ली के हक का पानी लेने के लिए हर संभव प्रयास किया लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने जरूरी पानी नहीं दिया। इस संबंध में मैंने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा और उनसे अनुरोध किया कि आप ही हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी दिलवा दीजिए। इसके बावजूद राहत मिलने की बजाय पिछले दो दिनों से हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हक का 120 एमजीडी पानी रोक लिया है। इसीलिए मुझे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना पड़ा। दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने कहा कि जितनी गर्मी इस साल दिल्ली में पड़ी है, उतनी शायद पिछले 100 सालों में नहीं पड़ी होगी। दिल्ली का तापमान कुछ दिन पहले 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया था।

## चार्जिंग के वक्त ई-बाइक में हुआ ब्लास्ट

**सूरत :** शहर के गोडादरा क्षेत्र के एक मकान में चार्जिंग पर लगी ई-बाइक में अचानक ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर बगल में रखा एलपीजी सिलेंडर भी फट गयो सुबह के वक्त धमाके से आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में 17 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई। जबकि 45 वर्षीय व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गयो जानकारी के मुताबिक सूरत के गोडादरा क्षेत्र के देवध रोड स्थित लक्ष्मीपार्क सोसायटी में तीन मंझिला मकान है। जहां आज सुबह करीब 5 बजे मकान के पार्किंग में ई-बाइक को चार्जिंग पर लगाया गया था। चार्जिंग के दौरान अचानक बाइक की बैटरी फट गई और आग भड़क उठी।

## अल्पमत में सैनी सरकार, कांग्रेस ने की विधानसभा भंग करने की मांग

■ राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, लगायें राष्ट्रपति शासन

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा की नायब सैनी सरकार पर अल्पमत में होने का आरोप लगाते हुए विपक्ष दल के विधायकों ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर प्रदेश विधानसभा को भंग करने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता आफताब अहमद, चीफ व्हीप बीबी बत्तरा, विधायक गीता भुक्कल और बीएल सैनी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज और मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि करनाल उपचुनाव में बीजेपी की जीत के बावजूद सदन में इस दल के विधायकों की संख्या 41 ही है। इसके अलावा हरियाणा लोकहित पार्टी के एक विधायक गोपाल कांडा और एक निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत सरकार को समर्थन दे रहे हैं। बीजेपी के पास इस समय कुल मिलाकर 43 विधायक हैं। सदन में विधायकों की संख्या 87 होने के कारण बीजेपी अल्पमत में है।

## फिल्म अरनमनई 4 ने जमकर मचाया धमाल




एजेंसी

**मुंबई :** फिल्म अरनमनई 4 ने सिनेमाघरों में जमकर धमाल मचाया है। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की है। इस फिल्म को आप तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में देख सकते हैं। फिल्म का पहली तीनों किश्तें सुपरहिट रही थीं, जिसके बाद मेकर्स चौथी किश्त लेकर आए थे। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की तमिल हॉरर-कॉमेडी हिट कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। पॉपुलर फ्रेंचाइजी की यह चौथी किश्त 21 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। अरनमनई 4 में पैन-इंडिया स्टार तमन्ना के साथ-साथ वसेर्टाइल पावरहाउस एक्ट्रेस राशि खन्ना भी लीड रोल में हैं। अरनमनई 4 ऐसी फिल्म है जिसने तमिल बॉक्स ऑफिस पर ड्राई पैच को तोड़ा और इंडस्ट्री की साल की पहली बड़ी हिट बनकर उभरी। तमिल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद अरनमनई 4 फिल्म हिंदी भाषी दर्शकों के लिए भी रिलीज कर दी गई है। अब दुनिया भर के फैंस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका लुफ्त उठा सकते हैं। स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू, केएस रविकुमार, जयप्रकाश, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश, राजेंद्रन और सिंगमपुली मुख्य भूमिका में हैं।

### निज्जर को श्रद्धांजलि पर भारत ने कहा

# हिंसा के समर्थकों को न दें राजनीतिक आश्रय

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने कनाडा की संसद में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को श्रद्धांजलि दिए जाने तथा वैंकूवर में कथित जनसुनवाई का स्वांग रचे जाने की तीखी आलोचना की है। भारत ने वहां की सरकार से आग्रह किया है कि वे उग्रवाद और हिंसा का समर्थन करने वाले लोगों को सक्रियता के लिए राजनीतिक आश्रय प्रदान न करें।



भारत ने खालिस्तानी तत्वों द्वारा कथित जनसुनवाई की घटना पर नई दिल्ली स्थित कनाडा के उच्चायोग से कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

उल्लेखनीय है कि वैंकूवर में खालिस्तान समर्थकों ने अदालती कार्यवाही का स्वांग रचा था, जिसमें सिखों के कथित उत्पीड़न को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभियुक्त करार दिया गया था। इसी तरह खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की बरसी पर कनाडा की संसद के निचले सदन में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हम कनाडा में उग्रवाद और हिंसा का समर्थन करने वाले तत्वों को राजनीतिक आश्रय प्रदान किए जाने का विरोध करते हैं। कनाडा सरकार को खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों के बारे में भारत की चिंता से अवगत कराया गया है। हमने कहा है कि कनाडा सरकार हिंसा की वकालत करने वाली गतिविधियों को रोके तथा संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। उल्लेखनीय है कि कनाडा में हाल के घटनाक्रम के बारे में वहां स्थित भारतीय राजनयिक मिशनों ने भी सरकार को अपनी चिंता से अवगत कराया है। भारतीय राजनयिक मिशन 23 जून को विभिन्न शहरों में एयर इंडिया के कनिष्क विमान को आतंकवादी हमले में उड़ाए जाने की 39वीं बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। 1985 में खालिस्तानी आतंकवादियों ने कनिष्क विमान में बम विस्फोट किया था। इसमें सभी 329 सवार मारे गए थे।

प्रवक्ता ने आस्ट्रेलिया के एक न्यूज चैनल पर भारत विरोधी डॉक्युमेंट्री के प्रसारण की भी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह डॉक्युमेंट्री तथ्यों से परे है तथा एक निश्चित एजेंडे से प्रेरित है। इसमें गैर-पेशेवर रवैया अपनाते हुए तथ्य हीन दुष्प्रचार करने की कोशिश की गई है।




विश्व योग दिवस के अवसर पर रांची में विभिन्न संस्थाओं की ओर से योग दिवस का आयोजन किया गया। इनमें रांची के जेल पार्क में झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता, रांची के विधायक सी पी सिंह एवं कई गण्यमान्य लोग सम्मिलित हुए। वहीं, मोरहाबादी में क्रीड़ा भारती एवं मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म के तत्वावधान में योग दिवस का आयोजन किया गया।